ब्रह्मकुंडजा। हों पिता मह पा पूजन गई हुती ताही समय इन्द्रादि सुरजाय शीस नवाइ बिनय करी॥

जमक। दिगंबिर दरन रन करन सर्व भूत हित हितकारी परम पुरुष अवतरे अवतिय संग संग बिहार हार रचनि रचनि चितकी है, सुनि धाताकह्योहों उपाउ करोहों सुनि मेरी मति अकुलानी॥

गुरुः। तुमकों तोभूरि भावतंभूलिशोक भयो है अपराजिता में हित कारीको बिहारनित्यहै अचिन्तशक्तिहैंदोऊ बात करैंगे॥

(सहर्षंब्रह्मकुंडजा अंजलिंबध्वाकिंचिद्वक्तुमिच्छति)

जगद्योनिजः। हस्तसंज्ञयावारइत्वा॥

आकाशेकर्णन्दत्वा। मोकोंजानीकी बानीयौंसुनीपरी, तुमदिगजान पैं जायडइडह जगकारी, डिंभोदरकों काश्मीरको पठवाइयो औ उपायकरि भूपसों हितकारी कों युवराजपद दिवावत बन दवाइवो अरुहित कारिहूकीयाही रुखहैहों कुटिलाकेकंठ बैठि सुरकाज सिद्ध करन जाउं हों पुत्रीअबतुमं जाहुहोंहूं मातुआज्ञाकरन जातहों॥

(इतिनिःक्रांतौ) (प्रविश्यआदिकबिः)

स्वगतं। शिष्य जलफल फूलदल मूल ना लैआयोअरचन कोंआवारभई॥

(ततःप्रविशतिशिष्यः)

आदिकवि: । अरेयेतीबिलम्ब करि अब ठगियेसो कहारह्यो है ॥

शिष्य: । अंजलिंबध्वा ॥ होंयाम यामिनी बाकी सुरसरी कलिंदजा संगम अस्नान करनगयो हुतो तहां बड़ो आश्चर्य लख्यो ॥

गुरू: । किंकिम् ॥

शिष्य: । सरूप धारिदोनों सरिसंबाद करिरहीहुतीं ॥

गुरू: । कथंकथम् ॥

शिष्य: । चीरवतीपूंछी तुमजो तपिताहीसो पितुपदपूजन गई हुतीको और कछु कारण है कलिन्दजा कह्यो हों पीउपरसतें सपितहू योंहीं शंका करी तिनकह्यो अतिसंतप्त ब्रह्मकुंडआधार परेही हू बूभतो हुतो सो गदगद गर कह्यो काश्मीरी दिगजान सों बरदान मांगि आपने सुत कों राजलियो अरु सबधूबंधु हितकारी को बन दियो मंत्री यान चढ़ाइ त्रिपथगा तीर लों पहुंचाइ पुर आइ सुधि दई सुनि भूपको परमगति भई अपराजिता नेवासिन अतिशोक आसुन सों बढ़ि हों आप को मिली आइ ताते है कलिंद कुमारी होंहूं उष्णता धारन करी है चीरवती बड़े शोक की बात है सुनि हों ठगिसी रही अब बनितन को बिस्वास काहे को कोई करि है ॥

आदिकवि: । हा भूप दिगजान हा सुरपति कारन प्रान हा देनदान महान हा भगवान सम ज्ञान हा मुनिनकारी सन मान हा करन बचनन प्रमान हा यश जाहिर जहान ॥

(इतिनिश्वस्यततःसतः)

शिष्य: । पुनि चीरवती पूछ्यो हितकारी कहां लों आये होयंगे कलिंदजा कह्यो भास्कर क्षेत्र में याज्ञवलक्य शिष्य ते सत कारित हूं मेरे पार उतरि आये अब नहीं जानो धों कहां हैं यह कहि मोकों जानि दोनों जल में प्रवेश करि गई ॥

आदिकवि: । शोक तो बड़ोई है पै यामें एक हर्षऊ है ॥

शिष्य:सविस्मयं । गुरो शोक में हर्ष हौ न समुझ्यो ॥

गुरू: । वत्स चाहिये तो हितकारी ह्याऊं आवैं ॥

नेपथ्ये। भजन। पथिकतुमकहहुरहहुकेहिदेश। टेक।
असहमदीखसुन्योनकबहूं कोउनखसिखअनुपमबेष॥ बनकंटकित चलतिसुकुमारी प्यादेसंगतुम्हारे। बिश्वनाथसतिमानहुंकांटे गड़त करेज हमारे॥ १॥

(बंधुबधूसहितहितकारिप्रवेशः)

शिष्यः पुरोवलोक्य। गुरो हितकारी तौ आइगो गये॥
गुरुः। अहो भाग्य महो भाग्यं अर्घपाद्य ल्यावो आतिथ्यकरैं॥
हितकारीमुनंप्रणम्य। बास बताइये॥
आदिकविः। वत्स तुम्हारो बास तो हमारे हिये में है दूसरो बास ह्यांते दखिन कछु दूरि बिचित्र शिखर गिरिवर है॥
गद्य। होतहीं दरशन सांत रस बरसन मुनिन मन करषन संतत सुख सरसन लतन तरुन कुंजन छबि पुंजन सुदल फल फूलन मृदु मूलन संघन बनन खग कुल वृन्दन मंजु अलि पुंज गुंजन सुंजन करिन दरिन दरिन झरनम झरन जल कनन दुरदिन करन जगन मृगन गनन संकुल सुधा सरिस सलिल सहित अति ललित कूलन बलित बिकसित बरन बरन अमल कमल कलित कल कारंडव चक्र वाक बाल मराल माल कूजन मुद मूलन तकत त्रैताप उन्मूलन छबि भरितनि सरितनि महा मंडित है॥
हितकारीसुत्वासहर्षं। आज्ञादीजै॥
मुनिः। आजु के रोज ह्यांई रहो रूप लखाय हमारे नैन सफल करो॥
हितकारी। बहुत भली है मुने जब तें हों आयो तबतें अपरा जिला की खबरि नहीं पाई आप त्रिकालज्ञ हैं बुझाय सुखी करिये॥
मुनिः ध्यानंनाटयित्वा। उहडहजगकरी सबंधु पुर आये हैं और वृत्तांत सब कछु दिन में आय वेई कहैंगे॥
हितकारी। आप सों संबाद करत यामिनी जात न जानि परी प्रात सूचक पक्षि अरो धुनिकारि रहे हैं मानो पंथिन को आतुरी करावै हैं आज्ञा पाऊंतो बिचित्र शिखर जाऊं॥
मुनिः। चलो ह्वांलों हों पहुंचाइ आऊं॥ इतिनिःक्रांताःसर्व्वे।

(सकुटिलाकाश्मीरीप्रवेशः)

काश्मीरी । सखी काज तो सब सुधरगो पै एक अब यही बाकी है डह डह जगकारी को आइबो ॥

कुटिला । परम सुखद खबर कहो हौं चार गुरु के ह्यां आयो है ताते होहूं सुनि आई हौं की डह डह जगकारी हालई आवन हारहै ॥

(डहडहजगकारीप्रवेशः) माई पांय परो हौं ॥

शिरआघायकाश्मीरी । पूत सिगरो काज सवांरि राख्यो हौं ॥

डहडहजगकारीविस्मितः । कोन ॥

काश्मीरी । सर्वं वृत्तान्तं कथयति ॥

(डहडहजगकारीस्थलाकुर्वं नाटयति)

काश्मीरी । हे पूत भूप सोचन लायक नहीं है अब काल सों काहू को कछु बस नहीं है ॥

डहडहजगकारी ।

पद ॥ हितकारीमहंदोषगुनतविधि कैअकाथकीपाटी ।
दियेशुन्यसोईयहिडगन अवलिनजबयहिआँटी ॥
लखिश्रमखेदखरीधरिदीन्हो सोईससियहभायो ।
विश्वनाथउनखोजिनपायो तैंपताटकहूंपायो ॥ १ ॥
अरी तेरी जीभि मैं काटि डारतो माता भई कहा करौं ॥

कुटिला । अरे छोहरा उपकार कियें अपकार मानै है तेरे लिये नीतिसार निचोरि कै मैं बुद्धि दई है तब यह काज भयो नातरु तेरी राज होन वारो हुतो ॥

डिंभोदरःसक्रोधं । आः पापे तही सब अनर्थ को कारण है ॥

इतिकेशानगृह्णाति । (दृष्ट्वा काश्मीरी)

सवैया । महिमाहंकढ़ीलतकेशगहें कुटकावहुलातनिमारत है ।
कछुहीरनपीरअहैतुम्हरे बहुबारउठाइपछारतहै ॥
इतनाहींकलंककोसोचकरो तियनासेननर्कहिहारतहै ।
असुआसुनसंगकढ़ीईचहैं अबहूंनहिंरोषसम्हारतहो ॥

डिंभोदरः । याकों फल दे फिरि तोहूं कों समुझाऊंगो ॥

(इतिश्रुत्वा काश्मीरीसभयंनिःक्रांता:)

उद्दण्डजगकारी । नारी बध किये मोकों हितकारी की भय लगै है ॥

(श्रुत्वाडिंभोदरः सुं चति) ।

उद्दण्डजगकारी । चलो कुशला मा के पास ॥

इत्युभौपरिक्रामतः । (प्रविश्यकुशलारोदिति)

भजन । हितकारीहितकारीछोटा रखतप्रानसमभाइनिको ।
बधबंधुयुतकाढ़ततेहिनर्हि कसक्योहियोकसाइनिको ॥
मंत्रीगुरु नृपबैनबानसम नहिंयहि हृदयपखानगड़े ।
विश्वनाथबिधिकहाकारोंअब चहुंदिशिदुखसागरउमड़े ॥

उद्दण्डजगकारी । कुशला माई उर सीस कूटत ह्यांई चलीआवै है ॥

इतिउपसृत्यविलपंतौपादयोर्नियततः । (कुशलोत्थाप्य)

भजन । पूततुम्हैं बिनाकियनुबमाताऐसोहालहमारो ॥

उद्दण्डजगकारी । छाड़ुजोसंमतमोरकढ़ौनहिंभोगिहुंसर्पहजारो ।

कुशला । तुमसमकौन होतजगमाहीं अबधीरजउरधारो ॥

उद्दण्डजगकारी । विश्वनाथहितकारीबिनुकिमिजीहौंमातुबिचारो १॥

प्रविश्यसुस्थितासगद्गदं । गुरु कह्यो है धीरजधारि पितु कृत्य करैं फिरि जो उचित होइगो सोकरैंगे ॥ इतिसर्वोक्तं सर्वेनिःक्रांताः ॥

(ततः प्रविशतिसशिष्यो जगद्योनिजः)

जगद्योनिजः शिष्य कथति । उद्दण्ड जगकारी जबतें पिता को कर्म करि चुके हैं तबतें मातु कृत कर्म लज्जा तें बदन नहीं देखावै हैं मेरी आज्ञा सुनाइ तूं लेवाइ आवै ॥

शिष्यस्तथेतिनिष्क्रांतः ।

(प्रविश्यउद्दण्डजगकारीदंडवत्पादयोर्निपत्य रोदनंनाटयति)

गुरुः । वत्स धीरजधरो अब तुम्हारे आधार पुर है पितु दई राज्य पालन करो ॥

(इतिश्रुत्वा उद्दण्डजगकारी अधरस्फुरणंनाटयति)

गुरुः । वत्स वत्स दिगजान भूप के पूत हौ हितकारी के भाई हो जो कछु कहिबे कों होय सो धीर धरि कहो ॥

(व्याख्याऽवरुद्धकंठ उद्दंडजगकारी)

छंद । आसुनिमिसुकढ़िबारिबारिनिधिमिलनकियो । महाजननिकृत अघमोहिकरिहततेजदियो ॥ लेतहिंलेतउसासबयारिनशेषरह्यौ । सुमिरतहितकारीसरूपअवकासनह्यौ ॥ शोकआगिमहिंअंगजरगो तनअहैबनो । नरीरज्जुकोखाखारहोयेठनहिंमनो ॥ पंचतत्वबिन भयोराजिअबकावनकरै । बिस्वनाथदरशाइयप्रभुपदशोकहरै ॥ १॥

पद । हायहौं एकहुंकामनआयो । टेक ।

हितकारिहियुतबंधुबधूमा पथकंटकितचलायो ॥

जोहोतोसंगहिबनजातो पीठिबिछाइचलौतो ।

हाहाबिस्वनाथहितकारी हमहूंपूछिसिधौतो ॥ १ ॥

(इतिमुर्छान्नाटयति)

गुरु: । धीर धरो धीर धरो ॥

उद्दंडजगकारी । गुरो हितकारी पद दरसाइये याहि में मेरो प्राण रहै गो ॥

गुरु: । भलो कहो भलो कहो अब सबकोई ह्वांई चलैं जो फिर आवैं तो सिगरो बात सुधरि जाय ॥ इतिनि:क्रांता:सबै ।

(सबंधुवधुहितकारिप्रवेश:)

हितकारीमहिषांप्रति । यहविचित्रबनमेरेमनको आकर्षणकारै है ॥

महिषा । याके बिबिधि बिहार स्थल में सुख ही सों काल कटि जाइ गो ॥

(भीलधराधर: कुटींविरचयति)

हितकारी । ये भीलधराधरआछीकुटीबनाई या निपुनाईकहांपाई ॥

भीलधराधर महिषांप्रति । आप यह मारे मृगन को मासु सुखाइये तब ताईं हौं और मारि ल्याऊं ॥ इतिनि:क्रांत: ॥

हितकारी । हे भीलकेतु कुमारी तिहारे लिये हौं आछे आछे फूलन के हार गूंदत हौं ॥ इतिगुंफति ।

(वायसप्रवेश:)

महिषा । पीउ यह कैसो काग है आमिषखाय खायजाय है जो हौं हांको हौं तो मोको चोंच तें चोंथि भजै है ॥

क्रुद्धहितकारी । आ: पाप तेरी दुष्टता को फल यह सींक को सर देई गो ॥ इतिनि:क्षिपति भीति वायसोनि:क्रांत: ।

(डीलधराधरप्रवेश:)

मृगानुसमर्प्य । अग्रज आखेट खेलत एक मुनि सों भेंट भई ताकी बानी सुनि शंका भई है ॥

हितकारी । किंकिम् ॥

डीलधराधर । मुनि मसों कह्यो शक्रसून कों एक सींक को शर कोई चलायो है सो वाके पीछे पीछे धावै है वह काक सर्व लोक फिरि आयो कोई नहीं त्राण कियो सुनिकैं मन में बिचारयो ऐसो तो मेरे जेठ भाईही को बाण है यातें त्वरा करि आयो ॥

हितकारी । महिजा को हाल नहीं देखो हो ॥

हृष्टडीलधराधर: । आ: पाप येतो सर्व भूत हितकारी हैं हों होतो तो याही ठौर तेरो शीस काटि डारतो ॥

प्रविश्यविकलोवायस: । शरण शरण त्राहि त्राहि पाहि पाहि रक्षा करो रक्षा करो ॥

हितकारीमार्गे: । मेरो शर अमोघ है यातें एक नैन दै अयन के जाय ॥

काक:पद । होतुमप्रभुसांचेहितकारी । टेक ।

मेरोअघभारोभुजायकै नाथकृपाकीन्हीअतिभारी ॥ एकआंखजो सरसोलीन्हीजानिहेतुमोलियमनमाहीं । बिश्वनाथजातेंयहभूलिहुं कोनहुंपापकरैपुनिनाहीं ॥

इतिप्रणाम्यनि:क्रांत: ॥

डीलधराधर: । बड़ेभाई बनजीव बड़े भय तें व्याकुल भजे चले आवै हैं धौं कहा कारण है ॥

हितकारी । ऊंचे तरु चढ़ि देखोतो ॥

(तथाकृत्वाडीलधराधर:)

छंद नाराच । उठौ उठौ को दंड चंड बान लेहु हाथ मैं । नजोहिजातमारतंडधूरिधुंधगाथमैं ॥ तुरंगरंगरंगकैमतंगअंगसैलसे । सुजानबृन्द मैंसुजानबीरइन्द्रसेलसे ॥ सुभांतिभांतिकीपताकपांति

नाकछांवती । पदातिजूह्वकेवाहेंनजीहपारपावती ॥ अहोअनी
अपारयहिंअद्रिबेरआवती । छियेसुबीररंगकीतरंगिनीबढ़ावती ॥

छंद त्रिभंगी । डहडहजगकारीसजिदलभारीछुद्रविचारीयातहियें ।
दोभाइनिमारी करहुसवांरीरजिसुखारींमानुकियें ॥
अबहींधनुधारीबरघरझारीतासुगवारंमेटतहीं ।
प्रभुल हहितकारीत्रियासमचारीसैननसारीपेटतहीं ॥

(उत्तीर्य्यधनुरारोप्य)

छंदनराच । समुद्रबाहुदंडयेकोदंडमौरभायकै । महानबानबृन्दउच्चर्मि
कोउठायकै ॥ संग्रामकेरसंगमेंकुबंधुबेलफेरिकै । छुवेंगे
आयपाय आसुसैनबिप्वबेरिकै ॥ १ ॥
आ: देखातो कालकी बिषमता पनहीं शीस चढ़न लगी ॥

(रंतैरथरंसंपीध)

दोहा । डहडहजगकारीमहाकरीढिठाईआय । कोटिकिदैरनछनकालौ
देहौंसबसमुझाय ॥ १ ॥

पुनि: । धनुसंचाल्य खड्ग मुख मवलोक्य च साट्टहासम् । जान्यो जान्यो
जान्यो यह हमारे सुकृत को फल है भूपकृत अनीति याही रीति
में मिटन हारी रही है ॥

सवैया । आजुभरेरनरंगनमेंरनअंगनमैंधनुधारिकैधैहौं ॥ क्रोधकेभारमें
भूंजिसबै दलभस्मअभागिनिकेअंगलेहौं ॥ बंधुदोउमृगबंधु
बनाय दिगंबरकैकैदिगंतपठैहौं । बापकोबंदिमेंराखिकेआजु
बलीबड़ेभाईकोराजकरैहौं ॥

छंदगीतिका । करिकोटिकायनकालरुद्रहुकोसहायहुकोकरै । यहसैन
सर्पिपसाथतीममबानबन्हिहिंहमेंपरै ॥ जिमिलवहिलेत
लपेटिलगर कलंककुलके टोडधरों । पुनिकाथमीर
पसदलछतिमैं कालिकाखप्परभरों ॥

पद । दोनैशासनबेगिगेमांई जाइतुरतगहिल्याऊं । ताहीकारकुटिलाकी
रसनाकाड़नहनिकटबाऊं ॥ डहडहजगकारीजननीके आंसुनसरित
बहाऊं । निजरिसऔकुपलाहियरेकी आगीआसुबुझाऊं ॥

(इतिप्रलपय्धावन्तमिवालोक्य)

हितकारी । काहेको इतो रोष करोहो तुम्हारीसीप्रीति मोपरइनहूंकी है डहडह जगकारी लेवाइवे के हेत आवतहोंइगे ॥

(ततः प्रविशति स गुरु सबिबंधुः डहडह जगकारी)

डहडहजगकारी । पाहि पाहि इति दण्डवत्पादयोः पतति ॥

(समुत्थाप्य हितकारी गुरुपादयोः पतति)

गुरुराशिर्बंदत्वा । अब तुम जाहु पितु कृत्य करि मातन सों भेंट करि आवोतौलोंहौं याआश्रम मेंआसीन हों ॥ इति स शोकं सर्वे निःक्रान्ताः ॥

(नेपथ्ये रोदनकोलाहलः)

गुरुःशिष्यम्प्रति । रोदन कोलाहल होयहै यातें जान्यो जायहै की हितकारीपितुकृत्यकरिमातनसों भेंटकरैहैं ॥

(बंधुभिः सह हितकारी प्रविश्य रोदिति)

गुरुः । भूपशोचन योग्य नहींहैं अरु अवसर और है धीरधरि सब को धीर धराय डहडह जगकारी जामें डहडह होय सो करो ॥

हितकारीअंजलिंबध्वा । पितुमातु आज्ञाप्रथमहीं बनगवन की है अबजो आप बिचारि कै कहिये सोकरौं ॥

जगद्योनिजः सबिचार मधो मुखस्तिष्ठति ॥

(डहडहजगकारीकुशासनोंकृत्वाअनशनंनाटयति)

हितकारी । धरणा करनो क्षत्री को धर्म नहींहै पाप लग्यो उठो उठो जल छुवोमोकों छुवो ॥

(डहडहजगकारी जलंस्पृष्ट्वारोदिति)

हितकारी । शोककाहेकरो हो जो बिचारि कै तुमहीं कहो सोहीं करौं ॥

डहडहजगकारीभजन । मोसोंअबनकछूकहिजाई । टेक ।

जोयहकहौं करियप्रभुऐसे सेवकरीतिनसाई ॥

जौफिरिचलतनआपऐनको प्राणकढ़तअकुलाई ।

विश्वनाथअवलंबदासहित आपुहिसमुझिबताई ॥

हितकारी । ये पादुका लैआइइनमेंहमारो प्रापत्यतुमकोबनीरहैगी ।

(साष्टाङ्गम्प्रणिपत्य पादुके शिरसिधृत्वा)

डहडहजगकारी । अवधि बिताय जोआयहै तौजीवतनहींपायहैं ॥

(गुरुपदौगृहीत्वा)

हितकारी । दासजानिमोकों न भुलायगी ॥

आशिषंदत्वागुरुः । प्राणहूं की काहूको सुधिभूलेहै ॥

डिंभीदरःपादयोःपतित्वा बाष्पाऽवरुद्धकंठम् । मोकोंतोसंग लेचलिये ॥

हितकारी । डहडहजगकारी कों पादुका दई है तातें तुमहूं को मेरी प्रागट्य बनोरहैगो मातमकों शोक न होन पावै ॥

(इतिश्रुत्वानिःक्रांता:)

हितकारी । डोल धराधर इहाँ गुरुमातु बंधुनसंबियोग भयो है या थल आछो नहीं लगे अब महामुनि अनीप्यौपतिके आश्रमचलिये

(इतिनिःक्रांता:)

(अनीप्योसोमजनकप्रवेशः)

अनीप्यौ । महाराजऐसो सुन्यो हैकी हितकारी, महिजा, डोलधराधर, विचित्र शिखरतें ह्यांको आवै हैं ॥

सरोमाञ्चगद्गदं सोमजनकः । अहोभाग्यमहोभाग्यम् ॥

(हितकारीप्रवेशः)

महिजा । अनीप्यौ तो परमबृद्ध है ॥

सवैया । केशसपेतलसैसिरके मुखमाहवलोकसकैपलखोलै ।
नाहिमैदंतसमातिहैस्वासन ठोढ़ीबिढ़ीबदतैसुरडोलै ॥
लंकलचीक्रसकायकपै लकुटीकरपल्लवहैसुठिलोलै ।
खालभुलैपैदिपैअतितेज छपाकरकीछबिछामानिचोलै ॥

हितकारी । मुनिन को वह शरीर किशोर होय है ॥

सोमजनकः । येतो आइही गये अर्घ पाद्य ल्यावो आतिथ्य करें ॥

सवधूबंधुहितकारी । पायं परियतु है पायंपरियतु है ॥

दंपती । अभीष्ट सिद्धि रस्तु ॥

सोमजनकः । शुभआगमन भयो तुह्मारे दरश की हमारे बहुत रोज तें आकांक्षा रही है सो आजु पूरण भई ॥

हितकारी । दण्डकारण्य को गैल बताइये मोर जाइंगे ॥
मुनि: । हौं जान्यो जो आप कार्य करन जाइ हैं अग्नेय दिशा ह्वै बानभंग मुनि कों दरश देत चले जाइबी ॥
अनीष्वो । पुत्रो ये पट तुम्हारे लिये संचि राखे रहे सो भूषित करो ॥
हितकारी । अबसंध्याबंदन को समय है ॥
मुनि: । चलो होहूं चलों ॥

(इतिनि:क्रांत:सर्बेद्दितीयोंक:)

इति श्रीमन्महाराजाधिराज बान्धवेश श्री महाराज विश्वनाथ सिंह जू देव कृत रघुनन्दन नाम नाटके द्वितीयोङ्कः ॥ २ ॥

अथ तृतीयाङ्क प्रारम्भ: ॥

(मैत्रावरुणि: प्रवेश:)

मैत्रावरुणि: । (आत्मगतं) दरशण को शिष्य नहीं आयो बहुत राज भये कहा कारण है ॥

(शिष्य:प्रवेश:)

शिष्य: । दण्डवत प्रणमति ॥
गुरु: । अरे कौन कारण ते देर भई तोकों ॥
शिष्य: महाराज हितकारी सबंधु बधू मेरे आश्रम में आये तिन के संग संग मुनिन के आश्रम बतावत दशवर्ष फिरयो यातें येते दिन बीते ॥
गुरु: । अरे मेरे इष्ट केहिं मारग ह्वै तेरे आश्रम आये ॥
शिष्य: । जब आप हम एक ठौर रहे तब सोमजनक को शिष्य हो कहिगयो तै को हितकारी सबंधु बधू हमारे आश्रम आये हैं ह्वांते चलि जविसुत को बधकरि बानभंग के आश्रम आये हैं मुनि तिनको रूप निहारत निहारत जोगाग्नि में आपनो शरीर जारि दियो ह्वांते दण्डकारण्य मुनि को संग लिये मेरे आश्रम आये फिरि होहूं संग लग्यो ॥

गुरु: । सगड्ढर्दं कहु कछु इहां कब आवैंगे ॥

शिष्य: ।आवतई हैं हों आगे ते खबरिही जनावन आयो हौं सो अब जाइ लेवाइ लिये आवो हों ॥ इतिनि:क्रांत: ॥

(सवधूबंधुहितकारी प्रवेश:)

मैत्रावरुणि: । अर्घल्याल्यावो पाद्य ल्यावो एतो आइही गए ॥

सबधूबंधुहितकारी । मुनि पायं परियतु है ॥

मुनि: । चिरंजीव तुम्हारे दरश लिये हम इहां टिके रहे हैं ॥

हितकारी । अब कहूं हमको बास बताइये जहां बसि बनवास को शेष दिन बितीत करैं ॥

मुनि: (पदमरहटीभाषाको) गोदातटबनअहैचांगला ।
दलफलमूलमृगापरिपूरन देनाराजियजौनमांगला ॥
सुन्दरपंचवटतलेपानची कुटीकरयुतकुसुमबिसाला ।
विश्वनाथमीगोष्टिसमुभलो अतदेवाचकारियभाला ॥

अर्थ । चांगला कहे सुन्दर, देनारा कहे देवैया, मांगला कहे मांगै, पानची कहे पत्रकी, मो कहे मैं, गोष्ठी कहे बात, अत कहे अब, देवाचे कहे कारिय, भाला कहे देवतन के कार्य भयो । या अछेदधनु या अभेदबखतर ये अक्षय तूनीर लेहु ॥

दत्त्यर्पयित्वा । वांछित तुम्हारी सिद्ध होइ पक्षिपति सून को दरश देत जाइयो हों अब सुरपति पास जातहों ॥

(इतिनि:क्रांत:सर्बे) (प्रबिश्यसौपर्णि)

सौपर्णि: (स्वगतं) आजु मोको सगुन बहुत देखे परै हैं मुनि मुख सुनि जिन राज कुमारन दरश हित बहुत बरसन तेंहों इत टिके हों ते आवन हार तोनहीं है ?

(प्रविश्य हितकारी)

हितकारीपुरोवलोक्य । हे डीलधराधर या शैलसमान पक्षी रूप धरे कोई राक्षस तो नहीं है ॥

श्रुत्वासत्वरंसौपर्णि । अहो भाग्य महो भाग्यं हों तो तुम्हारे पितु को सखा हौं आवो सिर सूंघो जब तुम शिकार को जैहो महिजा को ताके रहिहैं ॥

हितकारी । तुम तो हमारे पितु के बरोबर हो काहे न कहो, या निर्जन बन में तुम्हारो मिलन मेको अलभ्यलाभ भयो ॥

सौपर्णि: । ये पंचबट जे देखे परैं तहां कुटी करो हौंहूं निकट टिकन जाउ हौं ॥ (इतिनि:क्रांत:)

हितकारी परिक्रम्य । डीलधराधर कुटी बनावो ॥

डीलधराधर: बिरच्य । महाराज तयार है ॥

हितकारी । छंद शार्दूलबिक्रीड़िता ।

नीकीपंचवटी महासरितटी फूलींफबैंसंसटी ।
बेलींबेनिलटी सुपत्रनिपटी रागैपरागैठटी ॥
तापैनासभटी अनन्दउघटी दृष्टैहगैदुर्घटी ।
कल्पोतुल्यघटी जोइयहिछटी सोहैकुटीस्वर्नटी ॥ १ ॥

(फिरिदेखैयत्र)

गद्यसंस्कृत । नाग, पुन्नाग, साल, ताल, हिंताल, रसाल, तमाल, कृतमाल, बकुल, सरतिल, कामल, कुटज, लकुच, तक्कोलां, ऽकोल, कोल, कंकोल, विकांक, कपित्था, ऽश्वत्थ, कंकत, विकंकत कदंबो, दुम्बर, कुरब, कमरु, बक, कुंद, तिंदु, चंदन, स्यन्दन, चंपक, चांपेय, पनस, बेतस, पाटल, प्रियाल, पलाशादि, वृक्षाच्छादित गुच्छ लच्छ बिचक्षु रनुसरा मानन्दयाति काननम् ॥

गद्य भाषा । भल निरमल जल कुसुमित सकल रंग कमल कल अलि कुल बकुल करांकुल कोकाबलि कोलाहल लोनी लतानि कुंज कढ़ित अनिल लहि लहि ललित लहरिनि नवीन पीन पाठीन ऊछलनि कलनि कलित सुधा रस सर सरस बलित सुखभरित सरित मनहरित बिलसित है ॥

भजन । पश्चिमदिशियहअद्भुतलुहाई । टेक ।
निजपतिरबिआगमनजानिजनु कुमकुमकायलगाई ॥ श्यामकरत संसार सपदिहीसरस सरवरीआई । हियपरसनउत्कंठितअति जनु रससिंगारछबिछाई ॥ तारागननगगनछबिजनुघनसुमनन सेजबिछाई । किरिनिपरसिसुरपतिकेदिशिजो पेखिपरतिउज-राई ॥ आवतमनभायकनिसिनायक पघपांवड़िमिछवाई ।

विश्वनाथअबआइसुधाकर रमिहिसुधाधरसाई ॥
रैनि भई अब तुम हूं सोवो ॥
शीलधराधरः । बहुत भली पायं परियतु हैं ॥
(इतिपृथक् कुटयां शयनंनाटयति)
हितकारी भजन । जागोभाईप्राणपियारे । टेक ।
अवलोकहुआकाशकेसमें मलिनकुसुमयेजिततिततारे ॥
भयेमलगजेचीरचंदकर पसरितपवनस्वासगुरधार ।
विश्वनाथविधुसंगविहरिनिशि गमनतिकरिसुखसारे ॥
शीलधराधरः सत्वरमुत्थाय प्रणम्य । आज्ञा होइ ॥
हितकारी । चलो गोदातट स्नान करैं ॥ इतिसर्वे निःक्रांताः ।
प्रविश्यशुकःआत्मगतं । हितकारी ह्यां नहीं हैं कुटीतैं काहू को घास जानो जाय है कदाचित् हितकारि ही या नित्य कृत्य करन गये होंइ ॥
(सवधूबंधुहितकारिप्रवेशः)
शुकः । पायं परियतु है पायं परियतु है ॥
हितकारी । अरे हिरावन तैं कहां ॥
शुकः । मोको कुशला मातु खबर लेन पठायो है ॥
हितकारी । अपराजिता के सब मोटे हैं ? ॥
शुकः । ब्रह्मकुंडजा मोटी है ॥
हितकारी । कहा उत बड़ी बरषा भई ॥
शुकः । आपके बिरह तें सबनिके अश्रुपात प्रवाह पय पारावर ताको धारन कियो है ॥
हितकारी । डहडहजगकारी को का दशा है ॥
शुकः भजन । जबतेअपराजितासिधाये । टेक ।
नगरनिकटयकग्रामबासकरि करतसुतपप्रभुध्यानलगाये ॥
शेषदिवसकाढ़िकरतकाजकछु आपपादुकनभूपबनाये ।
विश्वनाथअतितेजकायक लटबंधिकेशपीनतापाये ॥
हितकारी । अबनूं बेगहीं जाइ कुशल कहि सबको आनंद दे ॥
शुकः । पांय परियतु है ॥ इतिनिःक्रांतः ॥

नेपथ्ये भजन । काकेचरनचिन्हसुखदाई । टेक ॥
निरखतमनजमोहुंउपजावत असनहिंसुनीलोनाई ॥
सकलसुरेशसहितअतिमोहत मोहतमनबरियाई ॥
विश्वनाथमानुषकैसेपद चलिदेखहुंकोभाई ॥

(दीर्घनखीप्रवेशः)

लक्ष्मिजा । पीउ यह सुंदरी नारी भली चली आवै है ॥

हितकारी । या निरजन बन में नारी कहां या कोई राचसी सुवेष धारि आई होइगी ॥

दीर्घनखी । न तुमसो सुंदर न मोहिसी सुंदरी भलो योग विधि बनायो है ॥

हितकारी सास्मितम् । हमारे पास तो नारी देखत ही है छोटे भाई के पास जाउ ॥

तत्रगत्वादीर्घनखी । मेरो ग्रहणकरि भ्राता सरिस तुमहूं सुखी होउ ॥

डीलधराधरःसस्मितम् । सेवक को सुख कहां सो तुमहीं विचारि देखो उनको रूपदेखि देखि मैं कब नीके लगिहौं तातें उनहीं को रिझाइ बुझाइ मनोरथ सफल करो ॥

दीर्घनखी पुनरागत्या । भले सेवक पास पठावत हो मोकों त्रिभुवन में को न चाहै तुम अपनो भाग्योदय जानों ॥

हितकारी । होंतो अपनो भाग्योदय तिहारे आगमन हीं ते जान्यौ पै तुम्हारो हमको कब चलैगो ॥

निजरूपंधृत्वा दीर्घनखी । हो काम रूपिनी हों तुम्हारी कुरूपा बधू अरु निर्बुद्धि बंधु को खाइ त्याँई निरंतर बिहार करोंगी ॥

महिजा सभयं भजन । पियहिपेखिमोहिंभयलागै । टेक ।
भूरेकेशकानछाजसे आंखअंगारभौंहयुगतागै ॥
दद्दूरनाकखोहसोमुखनख सूपपयोधरलोकोऐसे ।
सूखतालसमउदरडोहरद बिश्वनाथतनशैलहिजैसे ॥

(डीलधराधर इतिश्रुत्वा)

हितकारिणमवलोक्य सक्रोधं दीर्घनखी नासाकर्णौच छिनत्ति ॥

दीर्घनखी । आहि आहि इतिमहाशब्दं कुर्वती सत्वरं निःक्रांता ॥

हितकारी । अब शेष दिनहैं चलो गोदातट मन रंजनकरैं ॥

(इति निःक्रांताःसर्वे) (रासभप्रवेशः)

रासभः । ये राकसी मख कोई न करन पावै जाते भागि मेह टारिन दुरदेखिदुरबल ह्वै आसुहीं गतासु होइ दिगंभिर महाराज की ऐसी आज्ञा है ॥

(प्रविश्य दीर्घनखी रुदित्वा पादयोःपतति)

रासभः ।

कवित्त । काकेदुहमाथकौन मीचुकौबोलायोहाथ काकेपरपंचमाथखोली तीजीआंखिहै । काकेपरकाललैकैकरमेंकरालदण्डभूतनकेसाथ मुखफारिधायोमाखिहै ॥ ऐसीटघाकीनीजौनबेगहीबताउताहि मेरोक्रुद्धचित्तरच्योयुद्धअभिलाखिहै । ह्वै हैं रुद्र विष्णु हूतौरनमें प्रचारिबांधौं छोंडोंहालऐसोकैदिगाननकीसाखिहै ॥ १ ॥

दीर्घनखीगद्य । याही बन बसेहैं नृप कुमार अति सुकुमार पै बलके अगारबड़े धनुधारी तिनकेसंगसुंदरी नारी दिग भिरहित हों हरन बिचारीगहि किय ऐसी दसा हमारी ॥

रासभः । धनु धनु धनु ॥

नेपथ्ये । जान जान बान बानचाप चापतुरंग तुरंग मातंगमातंग ल्याउ ल्याउ —आयो आयो—बखतर दे बखतर दे लेउ लेउ ॥

(ततः प्रविशति सेना)

रासभः रथमारुह्य । आजु त्रिवर्णा पृथ्वी करि हौं सूत शीघ्रहीं रथ हांकु ॥ इति निःक्रांतः सर्वे ।

(सबधुबधहितकारि प्रवेशः)

हितकारी । डीलधराधर महा संग्राम सूचक उत्पात पेखे परैहैं परंतु दाहिनी भुजफरकै है जय हमारिही होयगी युद्ध अवश्य होइगो तुम त्यांते महिजा को ढारि शिखर कंदर तेजाय निशंक देखो ॥

डीलधराधरः स खेदं । महाराज स्वामी की आज्ञा पाय फेर कछु करिबो सेवक को धर्म नहीं है तऊ आपनो दुलार देखि ढिठाई करि यक अरज करौं हौं आप लरैं हौं देखौं यह कहा उचित होइ है ॥

हितकारी । यद्यपि जीतन को तुमहीं समर्थ हौ पै यह युद्ध करिबे को मेरोई मन है ॥

डोलधराधरः खिन्नमना महिज्जासहित स्तथेतिनिःक्रांतः ।

आकाशे । येमहा प्रबल चौदह सहस राक्षस हितकारी अकेले कैसेमारेंगे॥

नेपथ्येछंद । करालदण्डपानिक्रुद्धकालजीतिजोलियो ।

सोराजपुत्रकेलियेकहासुसैनसज्जियो ॥

सुनोसुनोयेराक्षसेंद्रयेककौतुकैलिये ।

चल्योहैआशुगाजिराजिवक्षयुद्धकोकियें ॥ १ ॥

(ससैन्यरासभप्रवेशः)

रासभः । अहो यह राजकुमार तो त्रिभुवन में एक सुंदर है मारन योग नहीं है गहि दिगशिर पास पठौनी पठाय दीजिये देखि वोऊ अति हरपित होंइगे ॥

(हितकारीपरिकरंबध्वाधनुःसज्जीकरोति)

(रासभःदृष्ट्वा कलंकनामानंमंत्रिणंप्रति)

सवैया । नखतेंसिखलोंसुठिसुंदररूपहरेहमरोमनकोहठिलेत है ।

सुअटानिकेमंडलफूलनमंडलमंडिगलेमेंलोनाईनिकेत है ॥

सजिसज्यकरैंधनुकोंकरलेयहबालसुभायनामानेसकेत है ।

सबएकहिंबारहिंधायधरोद्रुतनातरुबानघनेतजेदेत है ॥

नेपथ्ये । यह भलो ऊंचो गिरि है सिगरो युद्ध को कौतुक आंखिन के तरेहीं देखा परै है देखिये महिजा अग्रज को कैसे धाइ राकस घेरि लिये हैं जैसे मार्तंड को निहार ॥

महिजा । हाय कहा होन चहत है ॥

डोलधराधरः गद्य । देखिये हितकारी के क्षुर, क्षुरप्र, नालीक, नाराच, वत्सदन्त, दन्तवक्त्र, नतपर्वा, वाराहकर्ण, कर्ण, विकर्णी, वैतस्तिक, अर्धचन्द्र, शर, शरासन तें एक कालैइ बंकढ़त हैं शिर, उर, ऊरु; भुजन, पदन, विनु राक्षसन करत हैं देखिये कैसे ये रनमत लरत हैं गिरत उठत पुनि पुनि कुपित डटत निज जय रटत अंग अंग कटत न हटत गरबन घटत लटपटत बढ़त जात शरन सटत राक्षस छन छन छटत पुहुमी पटत जाति है ॥

छंद । अनेकबानलेतनूनमेसुचापजोरतै । नगानिजातजानिजातबानगात फोरतै ॥ भयोकोदण्डकुण्डज्वालजालअग्निसरैं । गजेंद्रसुण्ड रुण्डमुण्डखण्डखण्डआहुतीपरैं ॥

रासभ:सूतंप्रति । एक यह मेरो महा सैन संघार करो राजकुमार वेष महाकाल है की रुद्र है अब मोकों महा उत्साह भयो है हांकु मेरो रथ याके सनमुख ॥

कलंक: । मेरोयुद्ध देखि लीजिये छनमें रणमें राजपुत्र कों गहे लेतहों जो काल होय तो बहुत भली भई याहि बिनु प्रान करि विघ्नबाधा मेटेदेत हों (तिष्ठतिष्ठेति जल्पन्धावति)

हितकारीसोत्साहं । भलो आयो आजु निःकलंक भूतल ह्वै है ॥
(द्वतियाद्धं निःक्षिपति)

हुसुण्ड: । हे स्वामी कलंक तो आपनो काय राजकुमार घर घार में बहाय नाम हमारे कुल में लगायो अब मैं घर सों याको कंठो काटि रुधिर सों सो धोवत हों ॥ इतिधावति ॥

हितकारी । आवोआवो तिहारे कंठ काटि सिरन सितकंठ कंठ को कठुला करों ॥

रासभ: (स्वगतं) अरे यह तीनिमुखसों तीनि भुवन भक्षनकरनवारो जेसे हरसरतें त्रिपुर तैसे बालसर ज्वालमें जरि गयो आश्चर्य है ॥

पुन:हंताकृपीडद्धत्वासक्रोधं(प्रकाशं)थे धनुर्वेदअज्ञ राक्षस मारि गर्व न करो अब त्रैलोक्य विजयी सो कामपरो आपनो धनुर्विद्या देखायो ॥
(द्वतिसक्रोधंधावति)

आकाशे । देखो देखो हितकारी औरासभ के बान आकाश को अनवकाश करेंगे ॥

छंदतरंगिनी । दोटलरतअतिबरिवण्ड । शरतजतनुयमदण्ड ॥
बहुअखकृनसप्रचण्ड । बरषतअनलनवखण्ड ॥

लज्जा । अरे यह नीच स्वामी को सनाह धसर शरासन काटि डारयो हाय हाय अब कहा होय गो ॥

डीलधराधर: । धीर धरो हितकारी को जीतनवारो जगत में जाय मान नहीं है अब क्रुद्ध होइ मारे डारे है ॥

राक्षस: । अरे राजकुमार अब नहीं बचै है जाको सुमिरन होइ ताको सुमिर ले ॥

द्वितीयंधनु:सज्जीकृत्यहितकारी । श्याबास बीर श्याबास आछो पराक्रम कियो अब धनुष तें ये जे बान कढ़ै हैं तिनको पराक्रमदेखु ॥

नेपथ्ये । देखिये स्वामिनी पंच बान लिये स्वामी पंचबानहीं से पेखे परै हैं अब देखिये देखिये चारि बान तें चारि बाजि गिराये एक तें सिर काटि दियो ॥

राक्षस: । रथान्निपुत्य वृक्षमुत्पाटन आसुरास्त्रेण अभिमंत्र, राजकुमार यह अस्त्र तें तुम्हारो संहार करौं हौं ॥ इतिनिक्षिपति ॥

(वज्रास्त्रेणतन्निवार्य)

हितकारी । रेरे दुष्ट मुनिन को मारिमारि जेहि लोक पठाये हैं तेहिलोक तहूं जात है ॥

सक्रोधंराक्षस: । अरे राजन सों ऐसो कोऊ नहीं कहै है जैसो तैं कहै है जिन जिन राक्षसन को तू मारयो है तिनकी नारिन के आंसू आसु या गदा ते पोंछो हौं । इतिनि:क्षिपति ॥

(तांशरेणचूर्णीकृत्य)

हितकारी दोहा । जाके बलबलगे बहुत सोह्नै रेनु समान ।
मिथ्यावादी बैनसम कीनोगगनपयान ॥

(मुष्टिकावध्या राक्षस: सक्रोध मभिमुखं धावति)

आकाशे दोहा । हितकारीकेबानतें दूमिजरिभोयहछार ।
जिमिहरिनामउचारतें पातकपरमपहार ॥

(जयजयतिपुष्पवृष्टि:)

प्रविश्य मैत्रावरुण: । छंदमधुमती ।

जयजयतिहरे । रघुकुलभरे ॥ शरधनुषधरे । मुनिअभयकरे ॥

गद्य । पूर्णावतार तारण संसार सार बिज्ञान जनन मन करन करन क्रूरता हरन अघरन घरन घरन खलन संघरन घरन घरन तिहुलोक कीर्तिविस्तरत तरत तरतो जो करत प्रनाम नामररत रत रूप प्रकाशी काशी सदाशिव सदाशिव देत हैं ते आप आपनो मृदुहास प्रकाश प्रकाशवान मम मन करो ॥

नेपथ्ये छंद । यहिसमैमहिलाकहिनजातिनिहारिलेछविपीयकीधनु । अभिरफेरतसरसुनतअस्तुतिमनोमुनीयकी ॥ तनसुभगमोहतधरिकन अनुराजिराप्रमुनीयकी । अतिमुदित ललित तमालबैठीलसतिरंजनि ओयकी ॥ १ ॥ चलो अब समीप होतें शोभा निरखें ॥

(प्रविश्य महिला डीलधराधरौ स प्रमोदं प्रणमतः)

मैत्रावारुणिः । अब सब मुनि अभय भये तुम्हारी जय होइ हों अब आश्रम को जाउ हैं ॥ इतिनिःक्रांतः ॥

हितकारी । डोलधराधर चलो स्नान करें ॥ इतिनिःक्रांतःसर्वे ॥

(सामात्यदिक्शिरः प्रवेशः)

दिक्शिरः । हेमंत्री जगत जैसा अवकाश भयो अब मेरे मनमें ऐसा आवै है की उदधि उलीचि गगन गंगा ल्याइ मीठो जल भरि दीजिये औ समर संताप शमित करत यह मयंक बड़ी सेवाकारी याहू को निःकलंक कीजिये अरु इष्टपद पूजन जायबे को दूर परैहै ताते कैलाश ह्यांई उठाय ल्यावो अरु आभरन अरुपि प्रसन्न करन हित शेषऊ को ल्यावो अघट कान तें कहो पृथ्वीपट वोढ़िसोवै जाय ॥

मंत्री । महाराज आप सब करन को समर्थ हैं यह कौन बड़ी बात है भलो मंत्र विचारनो ॥

(प्रविश्य दीर्घनखीपादयोः पतित्वा उच्चैरोदिति)

दिक्शिराःउत्थाप्यसक्रोधं । अरी ऐसी दशा तेरी करि कौन न मीचु को चुनौती दई ॥

(दीर्घनखी वाच्यावरुद्धकंठं)

छंदपद्धरी । अनुपमआयेद्वैनृपकुमार । रासभपुरढिगबनकियअगार ॥ तिनसंगसुंदरीछविअपार । तुवहेतुहरनमैंकियबिचार ॥ तिनहाल कियोऐसोहमार । हैंरासभपहंकोनिपुकार तिनसरनीउभोयुतसैन छार । जोकरनहोयकरियप्रकार ॥

दिक्शिराः । (आत्मगतं) काल दिगपाल ऐसो हाल हमारी भगिनी को न करैंगे विशालबल हमारे भुजन को जानै हैं ॥

विद्वार्य (स्वगतं) जान्यो जान्यो चक्र चलाय चक्रपानि मेरे काय

की कठिनता जानि नरनारायण रूपतें श्रीसंग वानप्रस्थ धर्म ठानि जय हेत बन निकेत किये हैं ॥

प्रकाशं छंद । ल्याउल्याउजान । सैनलैमहान ॥ मैंकरोंपयान । मेटि देहुंमान ॥ १ ॥

प्रविश्यदीर्घजठरः । महाराज आतुरी न कीजै उनकोबल प्रभाउ सुनि लीजै जहांजहां राक्षस भागिभागि गये तहांतहां उनकेबान तिनको हेरि मार डारे, हों भागि भूरि भागि तें प्रभु को भवन देख्यो ॥

छंदगीतिका । चाहैंधरनसोंविश्वजारैं चहैंफिरिसिरजैंनयो । पालैंसराहि सेदितेंहंसुखजोकबहुंकाहु पैनाहिंभयो ॥ त्रैलोक्यविजयीरासभैछनमाह सुतसैनाहयो । सगहुखरअंजोजंगयोधानाहिंजगतीललजयो ॥

दिक्शिराःस्वात्मगतं । रासभ मो सम बली अगार तासु संहार करन हार बिन परमईश कौन होइ जो भक्ति पंथ चलों तो दुरगम दिरंग वारी है तातें उनके घरगम मुक्ति सकुल पालई लेउं ॥

इतिविचिन्त्यप्रकाशं । अरे उहां तें भाजि कै मोकों डेरावै है

दीर्घजठरः । महाराज हों मंत्री धर्म बिचारि कहों हौं जो पै सिहीं व्याधि जाय तौ औषधि में श्रम काहे कीजै ॥

दिक्शिराः । अरे यह शत्रु बिन मृतु कैसें मरै गो ॥

दीर्घजठरः । महाराज प्रानहूं तें पियारी बाके नारी है ताको महामायावी घातिनी सुत को संग लै हरिल्याइये बिरह तें आपुही मरिजायगो ॥

दिक्शिराः । भली कही भली कही ॥ इतिनिःक्रांताःसर्वे ।

(ततः प्रविशति घातिनेयः)

घातिनेयः । आह आह बड़े बड़े अपगुन देखे परैं हैं धौं कहा होइ गो राक्षस कुल को कल्यान होय कल्यान होय ॥

(दिक्शिराःप्रवेशः)

प्रत्युत्थायघातिनेयः । पाद्य लीजै अर्घलीजै स्वामी को आगमन सेवक के सदन बड़ो भाग्य को फल है ॥

दिक्शिराः दोहा । शीसजटामृगचर्मधर पहिरिबलकलचीर ।
कबतोलियमुनिबेषयह कहैंकरि मतिधीर ॥

घातिनेयः । कछु दिन भये हम तीन राक्षस मृग बेष बनाये मुनिन भक्षन हित दण्डकारण्य गये रहैं तहां मुनिबेष बनाय कै राजकुमार आये देखि भक्ष लेखि हम धरनधाये उनमें एक हम सबको परेखि शर हनि द्वै को आसहीं असुइयो मोको धौं बचाय दियो तबतें देह अनित्य मानि तप ठानि इहां आनि बैठो हों आप को आगमन जेहिहेतु भयो सोइ सो आज्ञा दीजै माथे धरि करौं ॥

द्विकशिराः । मुनि बेष बनाये राजकुमार एक बन आये बिन अपराध मेरी भगिनी को कान नाक काटि ससैन्य रासभज को मारिडारयो चाहिये वेई सोइ बैर लेन हित तैं मृग रूप धारि उतहीं सिधारु उनको आश्रम ते ल्यावै निकारि तब मैं ताको प्रान प्यारी नारि हरि लेउंगो आपही मरि जायगो ॥

घातिनेयःसवैया । ऋषियपथनकहैंसुनैमंअहैंबलहुंअतिहुदुर्लभऐसे ।
जानतहौनाहिंकालकोपास परैगरमेंकियेकामअनैसे ॥
कालिकाराकसकेकुलकोंमहिजागृहआनिकैबाँचिहौंकैसे ।
पूछिकैबालबिचारिकरोतिहुंलोकनमंधीध्यानवाजैसे ॥ १ ॥

द्विकशिराः । तोसों सीख नहीं पूछौं हौं सासन देउं सो करु ॥

घातिनेयः । मोको तौ अब हरी दूब दुति देखत डर लगै है उनके सन्मुख कौन जाय ॥

द्विकशिराः । रे मूढ़ ह्वां मारि जाइ धौं न मरि जाइ न गये इहां तो मेरी कृपाण तें अबहीं मरै है ॥

घातिनेयः आत्मगतं । याके कर मरे कहा है उन्हईं के कर तीर तीर्थ तीर तन त्यागौं ॥

प्रकाशं । भुवन भट्टारक बहुत भली आप की आज्ञा कौन न करै ॥

द्विकशिराः । अब तुम अपनी प्रकृति में आये चलो ॥

इतिनिःक्रांतौ (सबंधु बधूहितकारिप्रवेशः)

डीलधराधरः । हों आखेट को जाउं हों ॥ इतिनिः क्रांतः

हितकारी । महिजा छाया महिजा इत राखि दिगशिर बधांत अग्नि में रहो ॥ महिजातथेति निःक्रांता ।

ततःप्रविश्य विविधच्छगप्रवेश:

(इतस्ततश्चरतिप्रविश्य (छाया महिजा)

पद । कहंअतिअदभुतमृगयहस्वामी । टेक ।

राजहिंरजतबिंदुसुबरनतन मणिखुरश्रृंगसुगामी ॥ चरतहरिततृन इतउतबिचरत लागतअधिकसुहाये ॥ विश्वनाथयुतयतनआसुगहि ल्यावहुमोहिंअतिभाये ॥

(ततःप्रविशतिडीलधराधरः)

हितकारी । भैया भले आये तुम अमित हो महिजा को ताके रहियो मैं या मृग के पीछू जाउं हों ॥ इतिनिःक्रांतः ॥

नेपथ्ये । हा डीलधराधर हा डीलधराधर ॥

छायामहिजाआकर्ण्यसोद्वेगं । हे डीलधराधर पीतम को बड़ो कष्ट परो तब तुम को हा कहि टेरगो है तुम जाउ जाउ ॥

डीलधराधरः । हितकारी काहु के जीतिवे लायक नहीं है. यह कोई राक्षस छल करि बोल्यो है ॥

छायामहिजा । जात नहींहो प्रति उत्तर देतहो येही अभिलाष किये रहे हौ ॥

डीलधराधरःसखेदं कर्णौपिधाय । आः आः अरी मोंको अति श्रवण कटुवानी कहै है तूं महा चंडी है ॥

(इतिधनुः कोटयातत्परितोभिमंत्ररेखा मंडलंकृत्वा निःक्रांतः)

प्रविश्य चिदंडिवेषोदिक्शिरा:माता भिक्षां देहिमाताभिक्षां देहि॥

छायामहिजा । तोलों फल लेउ खाउ जोलों स्वामी आइ विशेषि आतिथ्य करैगे ॥

दिकशिरा: । बांधी भिक्षा हों नहीं लेउ हों ॥

(महिजानिःक्रम्यलेउदिकशिराःनिजरूप माख्यायरथेस्थित्वा)

हों दिकशिर हों जाके भयतें इन्द्रादिक देवता कपै है तुम को लैकै त्रिलोक की रानी करौगा ॥

छायामहिजा । आःपापभागुभागु अबहींपीउ आवतहैं नाशकैदेइगे ॥

दिकृशिरा: (आत्मगतं) जैसें बुध रोहिणी कों लैचलै ऐसे महिजा को लै चलौं ॥

(इतियानमारुह्यपरिक्रामति)

छायामहिजा। हाय हाय नाथ सहाय होहु खल हरे लीन्हे जात है॥

नेपथ्ये पुनिमाभैःमाभैः। हौंपहुंच्यो पहुंच्यो नीच नहीं जाय सकै ॥

प्रविश्य सौपर्णिः ॥

चामरछंद। तिष्ठतिष्ठदुष्टरिष्टपुष्टखूबखायकै । मुंचमुंचराजपुत्रिप्राप्र भोमैआयकै॥ मोरयाकठोरठोरकालदंडतें। नाहितैंवचैजोभाजिजा हिब्रह्मअंडतें॥

दिकृशिरा: दृष्ट्वा स्वगतं । यह कहा मै नाक है ॥

प्रकाशंसाट्टहासं। जान्यो जान्यो वृद्ध गृद्ध है मम कर तीर्थराज में तन त्यागो चहै है ॥

सौपर्णिः। सावधान हो अब वृद्ध गिद्ध सों युद्धपरत्रो आइ ॥

(इति चंचुचरणैः युद्धं नाटयति)

आकाशे।जिनतें यह हर गिरि उठाय लीनो ते बाम कर ठोर ते कतरि डारे अब बरवल जामें हैं। श्याबास बीर श्याबास तेरी जीबि होइ चुकी ॥

(दिकृशिरा:।अमोघखड्गेनपक्षौ छित्वा सत्वरंनिक्रांतः)

(ततःप्रविशतिहितकारी)

हितकारी। अहो मेरो ऐसो बिकल बैन राक्षस बोल्यो धौं कहा होय ॥ इतिसत्वरंपरिक्रामत।

(ततः प्रविशति डीलधराधरः)

हितकारी। अरे भाई महिजा को अकेलिहीं जाड़ि आयो या बड़ो अनर्थ कियो ॥

डीलधराधरः बाष्पावरुद्धकंठं। महाराज मायावी राक्षसको हा डीलधराधर यह बानी सुनि मेरो समुझायो न मानि महिजा मोकों प्रान नाशहू तें असह अति अनुचित बानी कही ॥

हितकारी। तुम नारी के बैन कान करि आये आछी नहीं करी अब महिजा बड़ी भाग्य तें मिलैगी बेगि चलो बेगि चलो ॥

(इति उभौ परिक्रामतः)

हितकारी । आश्रम में ये केश कुसुम परे हैं कोई लैगयो के हाँसी के छपीहो ? अहो तुम सर्व सहा की सुता हो होतो दिगजन को सुत हौं जिनके प्रान वन विरह होतहीं गये अस बिचारि बेगि प्रगटहु प्रगटहु ॥

(इतस्ततोन्वेषयंतौ परिक्रामतः)

हितकारी । अरे यह युद्ध जान चारिखर सूतशिर कटे परे हैं यातें जानै है कोई राक्षस रन कियो है अरे सौपर्णि कका काहे बिकल परो है ॥

(इति रत्नमुपहृत्य जटाभिस्संगमुन्मार्ज्य)

पद । काछुदिनताततातसुखदेहू । टेक ।
भूलिगयोवनवासप्रियादुख अतिदुखतकतदशातुवयेहू ॥
केहिखलकियअहहालतुम्हारो कोलैगयोभूमिकीजाई ।
विश्वनाथधरिधीरकहहुकाछुयहिऔसरमोहिधीरधराई ॥

सौपर्णिः दीर्घ मुच्छ्वस्य । दिगधिर हमारी हाल ऐसो करि महिजा को बिंदु मुहूर्त में लैगयो जो वह महूरत में चोरी करै है सो प्राण सहित बस्तु देइ है ॥

हितकारी । तात दिगशिर कौन है कहांवास है ॥

सौपर्णिः । निधिपति को बंधु है राक्षसपुरी बास है

(इतिमृत्युमभिनाटयति)

हितकारी । देखो डोलधराधर साधु परउपकारी तिरयग योनिहूं में होय हैं ऐसिहू अवस्था में ऐसो युद्ध करि महिजा मिलन को महूर्त शोधि शरीर छोड़यो ॥

(आःआःइतिरोदिति)

आकाशे । बड़ो आश्चर्य है बड़ो आश्चर्य है देखो गृद्ध को कृत्य करि हितकारी पिता को गति दीन्हो ॥

हितकारी । आश्रम मृग रोवत दक्षिण दिशि चले जाय हैं याते जानै है याही ओर लैगयो है चलो चलैं ॥

(इतिपरिक्रामतः)

हितकारी। (चकोरंदृष्ट्वा)

पद। कहहैतूचकोरचतुरमोकहुंसमुझाई। टेक।
तोकोकतमित्रमानि शीतलकरिदेतअनलकाहेममबिरहआगिदेत हैबढ़ाई॥ जान्योयहरजनीचरयानेहितचरचिचितलीन्होकारिनिपटरजनिचरनसोंमिताई। बिश्वनाथविधुअमिकरनाहकहोंनाम धरयोलखियगरलभरयोसोइबरवतझारिलाई॥

(चकोपंचंद्रंप्रति)

पद। रेरेचटुलचोरकेभाई विरहिनगनदुखकारी। टेक।
सकलभुवनसमभररकरतनुवतेजफैलिदिसिचारी॥ तहूंकलंकितमृग सहाययुतसार्वभौमनिशिचारी। बिश्वनाथतियबेगिबतावहि यहबर वाननिहारी॥

सरितमवलोक्य। हे सुभग सरिता तैहूं कृपकाय कहु महिजा है जो कहूं देखी होय तौ बताय देहु॥

(अशोकमवलोक्य)

छंद। महिजादेयबतायलोकमुददायकहै। होंनरनायकतहूंतरुनमेंनायकहै॥ नवपल्लवतवहियोसुरंगहिसोमधरे। मेरेहियनिरधूमबिरहअंगारभरे॥ तेरेसुमनसिलीमुखआवतभावतहैं। मेरेमनहिंमनोजसिलीमुखधावतहैं॥ समताईसबभांतिभेदयकहोतयहै। तोहिबिधिकीन अशोकमोहिंदियशोकमहै॥

डीलधराधरः। स्वामी धीर धरो धीर धरो शोक सरि तरिवे को धीरजही तरनी है॥

हितकारीदोहा। यहिछनधीरजतेकठिन शोकजेनिकसिराय। तऊ तोयअपहरनकी होयलाजकिमिजाय॥

(डीलधराधरः)

जलेनतंमुखं प्रक्षाल्य। सावधान होउ चाहिये तो ह्यां मधि यह अटवी अति घन देखी परे है॥ ... ल कोलाहल भूत

गद्य। गो गौर गवय भुजंग मातंग शार्दूल कोल ... लि डोलत कराल ब्याल बैताल समताल कर कपाल गल ...

ताल तमाल हिंताल प्रियाल रसाल आल वाल गजमद परिपूरण फलन धूरन धवल परिमल परिमलित ललित छबिकलित नभ लखियतु है ह्यां ढूंढ़िये ॥

(इतिनिःक्रांतौ) (यपस्वनी किरातीप्रवेशः)

(इतस्ततः संचरंती तपस्विनी गायति)

बिरहा। कबदेखिहोंइननैननभाईमेरेरेहितकारीकोरूप।नखसिखआनंदमयसबभांतिनमुनिबरबदतअनूप ॥ जटामुकुटसिरकरधनुसरउर फलनमालसुहाय। परमतपायअपानीपीघलततबतनितकिभांकिजाय॥ जाकोनिरखतरिपुराकसउमोहिरहतरनमांभ। सुमिरतजाहिहोतथंकरहियसमसावनकीसांभ ॥ बिचरतइतकबआइकढ़ैगे डोलधराधरसाथ। बिश्वनाथममभाग्यधरेंगेतीनतापहरहाथ ॥

(कुंजरमुनेर्गोपः प्रविश्यगायति)

चंदैनी। जैसेहोतचंदैमोहिर पततकिघनश्याम। ऐसेतैंअबहू हैआवतसुखमाधाम ॥ ढूंढ़तप्राणपिया डोलधराधरसंग। बिश्वनाथमैंनिरख्योंनखसिखशोभरमंग ॥ १ ॥

तपस्वनीसहर्षं। कहु कहु श्रवणामृत बानी कहांतें आये ॥

गोपः। दंडक कांतारि जब इत को चले तब मैं पहिलेहीं तो कों खबरि देन आयो हौं ॥

हितकारिप्रवेशः। (पादयोःपतित्वा तपस्वनी)

त्रिभंगी। जयजयहितकारीमहदुखहारीसरउपकारीबानिअहै ॥ करसरधनुधारीअधमउधारीजनडरकारीप्रेममहै ॥ मोंघावरिनारीगृहपगुधारीरीतिपसारीदीनहिं । क्रमिसकौउचारीजोहहमारीकीर्तितुम्हारीसुखअमितू ॥

महाराज जिन वृक्षन के मोठे फल मैं चाखे हैं तिनहीं के फल आपके हेत संचि राखे हैं ते लीजे ॥

करेंडी भुक्त्वा। अरी ऐसो स्वाद मोकों कुशलाउ के कराये को बताउ ॥ मिल्यो तैं बड़ी तपस्विनी है मोकौं राज कुमारि

तपस्विनी। महाराज या दरि में गिरि पर सुगल कीश है ताहूकी

नारी भाई हरि लई है यामों मिलिये या महिजा की खोज कराइ है आप तो सबके आत्मन के आत्मा हैं कहा नहीं जानत हैं कुंजर मुनि जब ब्रह्मलोक कों जान लगे तब मोकों कह्यो तैं ह्यांई टिको रहु हितकारी इहां आवेंगे तिनको दरश पाय मुक्त ह्वै जायगी आप षण खरे रहिये मैं शरीर त्यागों॥

(इतिशबर्य्ययोगाग्निनादेहदहनंनाटयति)

हितकारी। चलो डीलधराधर वा गिरी कों चलिये जा गिरि में सुगल कों अनुरागिनी बतायो है॥

इति निःक्रांताः सर्वे त्रितीयोंकः॥ ३॥

इति श्री मन्महाराजाधिराज बान्धवेश महाराज विश्वनाथ सिंह जू देव कृत आनन्दरघुनन्दन नाम नाटके तृतीयोङ्कः॥ ३॥

अथ चतुर्थाङ्क प्रारम्भः॥

(ततः प्रविशति ससंची सुगलः)

सुगलः। हे चिरंजीव ऋच्छराज हमारे दुःखको अन्त कबहूं होयगो तुम ज्योतिष जान हौ यातें पूंछियतु है॥

ऋच्छपतिः। आछी सुघरी में प्रश्न करो है देखो तुम्हारे पूंछत हीं सेतफनो फनपर वह खंजरीट नचै है तातें अब तुम्हारे दुख को अन्त आयो॥

(सुगलः सत्वरमुत्थाय दूरतोऽवलोक्य)

(सांगुलिनिर्देशंसस्मितञ्च)

सुगलः। भो भो दस्वनंदनो दूरिदीठि करि देखो सगुन तो पेखोई परै है पैवे द्वै बीर शस्त्रधारी निःशंक चले आवत हैं मेरेजान अग्रज मेरे मारन को इनकों पठायो है भागो भागो॥ इति निःक्रांताः सर्वे।

(हितकारीप्रवेशः)

हितकारी। देखो तो डीलधराधर यह शैल की शोभा॥

छंदनराच । अनेकधातुरंगरंगअंगचंदनैदिये ।
झिरैंझिरन्नमोदआंसुभक्तिभासतीहिये ॥
सुश्रंगसीसमेंलताजटानमण्डलैकिये ।
लसैंविहंगमालमालशैलसंतखेलिये ॥

नेपथ्ये । स्वामी थम्हिये थम्हिये पहिचान कै भाजिये, चेतामल्ल तुम प्रवीन हो जाय परखि आवो ॥

प्रविश्य बटुबेष चेतामल्लः । आप कों सत्री मुनि बेष बिलोकि मोको संदेह होय है बुझाइ कहिये ॥

डीलधराधरः । (सर्ववृत्तान्तङ्कथयित्वा)

डीलधराधरः । तुम आपनी कथा कहो ॥

(चेतामल्लः पादयोः पतित्वा)

पद । जान्यो तुम्हैं नाथहितकारी । टेक ।
अहोप्रभोवनबसिनियरेहों दईदासकोसुरतबिसारी ॥
चलियेनिजनृपसुगलमिलाऊं हरिगईताकूकीनारी ।
विश्वनाथप्रभुदीनबंधुतुम अहेमिताईजोगतिहारी ॥ १ ॥

इति हितकारी डीलधराधरो स्कंधयो रारोप्य चेतामाल्लो निःक्रांतः ॥

प्रविश्यसुगलः । अरे यातो दूनो को कंध कियें ल्याई लिये आवै है धौं कहा कारण है ॥

प्रविश्यचेतामल्लः । आवो आवो स्वामी परम पराक्रमी लैआयो हौं ॥

(सुगलः आत्म सात्विकं भैव्यं कृत्वा रोदिति)

हितकारी । न शोक करो तुम्हारे तिय हारी कों एक ही शर तें मारों गो ॥

सुगलः । स्वामी एक बड़ो आश्चर्य देख्यो है ॥

हितकारी । किंकिम् ॥

सुगलः । एक समय शैल शिखर पर मंत्रिन सहित मैं बैठो रहौं आकाश में ऐसे शब्द सुनो परौ हा हा हितकारी मोकों राक्षस हरे लिये जाय है फिर एक बसन में बंधे भूषण गिरे हौं दरी में धराय राख्यो ॥

(हितकारी हृष्ट सशोक मधरस्फुरणं नाटयति)

सुगलः। मित्र शोक काहे करौ हौ॥

(डौलधराधरः सर्वं वृत्तांतंकथयति)

सुगलः। बाप को सोंह आपकी प्रिया को आसुहीं खोज लगाय देउंगो औ आप के संग आपके तिय हारी को मारौंगो॥

हितकारी। चलो चलो तुम्हारे शत्रु को मारौं॥

सुगलः पद। बिन जाने बल प्रबल शत्रुसों किमि प्रियमीत लराऊं।

हितकारी। कहु देखराऊं कौन पराक्रम पुनि तोहि भूप बनाऊं॥

सुगलः। अग्र जु फेंकोहै दुंदुभि शिर ताको आप उठैये।

बिश्वनाथ तरु सात डोलावै तिन सर छेदि देखैये॥

हितकारी। बहुत भली॥ इति परिक्रम्य तथा करोति॥

सुगलः। सहर्ष लांगूल चुंविन्यो तृन्नुत्य। आश्चर्य है आश्चर्य है देह बल जैसो बान बल तैसो॥

हितकारी। अब चलो दुंदुभि रिपु पहं॥ इति निःक्रांताः सर्वे॥

(ततःप्रविशति समंत्रीबासविः) तालनाम मंत्री केयं)

बासविः बाचयति। स्वस्तिः श्री महाराजा धिराज श्री कपिराज श्री मित्र बासविः इतै श्री राक्षसेंद्र श्री महो महेंद्र श्री महेंद्र जयशान श्री विश्व बिजयी श्री दिगशिर को आशिष हमारी तुम्हारी अकुशल ब्रह्मा लिखिवोई नहीं कियो है एकै राजकुमार बलवानन मारन मन धरि तुम्हारे निकट के बन पयान करि सदल रासभ के प्रान हरि लीन्हें हैं पकरि मेरेपास पठायदीजिवो॥

मंत्री। महाराज आपकी शक्र शत्रुको मित्रता कैसे भई॥

बासविः। एक समय हौं पूरब समुद्र संध्या करन गयो हुतो तहां जगत जय करि मोहूंको जीतन हेत पीछू तें पकरन को पहुंच्यो हों। वाको जानि कांख दाबि फिरि तीनौ समुद्र संध्या करि आय बाग में छांड़ि दीन्हयो तबतें बलवान मानि मित्र बनाय गयो है॥

मंत्री। महाराज आप कहा जानि मित्र मान्यो॥

बासविः। वासों अस्त्र शस्त्र में जीतनवारो त्रिभुवन में कोई नहीं है॥

हितकारिप्रवेश: । मंत्री प्रहृष्य ॥ देखिये देखिये स्वामी रविनन्दन
हैं राजनन्दन सहाय लै आयो है ॥
बासवि: । अरे इनके तन बलवान ऐसे लगै हैं दुंदुभि शिर फेंकन
हार चाहिये तो येई होंय ॥
हितकारी । देखो डील धराधर ॥
कवित्त । कीन्हेनभगौनयाहिडड़िउड़पौनमाहिं परतदिगंतगिरि शृंगन
कोगाथहै । गिरतहींगाजगहिलेत कूदिबीचहींमें न्हाततजिदेत बेला
बारिनिधिपाथहै ॥ जासुबेगबिहदबखानैओंचासौंवायु जासुबलआय
अजमायोदिगमाथहै । मेरुसोशरीर रनधीर नखबज्रबीर सुगल कोजेठो
बीरबैठोकीशनाथहै ॥ १ ॥ याहि मोकों जनाय देहु ॥
(डीलधराधर: तथेति बासवि मुपसर्पति)
वासवि: । छंदतरंगिनी ॥ तुम कौनहो दोउभाय ।
डीलधराधर: । हमरविहैं कपिराय ॥
वासवि: । तकतैमो जानियजाय । सबिशेष देहुबुझाय ॥
डीलधराधर: छंद । येदिनजानसुवन हितकारी कीरतिजेहिक्षितिछाई ॥
बासवि: हितकारिणमवलोक्य । अतिसुन्दर मृदुअंगपरम बलरास
भइतिजयपाई ॥
हितकारी । तुमसमको बियवली बिश्वनें । बापबैर जिनलीन्यो ॥
बासवि: । तुमये कैवलवान जगत मैं रैनुकेय मदछीन्यो ॥ १ ॥ जोतुम
सें जयपाऊं । तोजग बलवान कहाऊं ॥
हितकारी । होंतो धनु सरवन्त खड़ोहों हौं तुमहूं हथियार लेहु ॥
वासवि: । कपिके आयुध दंत नख तरु पषान हीं हैं ॥

(इति लोललांगूलेन शैलमुत्पाट्य हंतुमिछति)

चेतमल्ल: । सुगल देखो देखो हितकारी के बान को पराक्रम आश्चर्य
है जाके बेगको सुर्पन हूं बांछा करै हैं सो बासवि जौलों उछलि
घात करन की इच्छा करै तौलों शर बिट्ठ छोनिहीं को घातकियो ॥
बासवि: । पद ॥ हितकारी सबके हितकारी परम पुरुष अवतारी ।
पशुधरी तारन सरमारी नाशीकुरूतहमारी ॥

सुतप्यारो मोसमबलवारो सौंपौंशरनतिहारो।
इषुकाढ़ीमोकों मुदबाढ़ो जाउं पुरीसुखवारी॥

(हितकारी शरंनि:सारयति)

(बासवि: तनुत्यागं नाटयति। नेपथ्य रोदनधुनि:)

हितकारी। सुगल तुम जाय नारिन को आश्वासन करि भुज भूषन के कर बासवि को पार लौकिकी क्रिया कराय के आवो डील धराधर तुमहूं जाउ जब कृत्य करि चुकैं तब सुगल को राज तिलक करि भुज भूषन कों युवराज करि लेवाये लिये आइयो॥

(तौ तथेतिनि:क्रांतौ। नेपथ्ये)

रुडिंडिमशब्दं। मुलुक सुगल को हुकुम भुजभूषन को।

(तत:प्रविशतिससुगलभुजभूषनोडीलधराधर:)

हितकारी। सूर्यनन्नु बहुत दिवस दुसह दुख भोग्यौ है मेरी आज्ञा मानि जाय अब सुख करी जौलौं बर्षा है हौंहूं डील धराधर साथ या परवत बसि दिन काटो हों बिन शरद आगमन महिजा मिलन को यतन अब अशक्य है॥

(सुगल भुजभूषणौ: तथेति नि:क्रांतौ)

(हितकारी डीलधराधरौ परिक्रामत:)

हितकारी। डीलधराधर या परवत बास करिये लायक है॥

छंदगीतका। झरनाझरैं मदधारशोसि अनेकधातुसिंगारहै।
आललित पल्लवलालभापी झूलचखसुखसार है॥
बहुघंटघंटीमुखर खगगनदंतदुति बकपाँत है।
परबतनहों यह बिहदवारन लखहुबिलसतमाति है॥

(इत्यारुह्यवासंनाटयति) हितकारी।

पद। घूमिघूमि घनउमड़ि घुमड़िकै घहरत दशदिशिघेरे। धुनिछन छनमन घनसोघमकातिबिपुइषु बूंदघनेरे॥ चहुंकितचमकिचमकि यहचपला हियरलकलगावै। बिश्वनाथको हायप्रियामुख शशियहि समयदेखावै॥

डीलधराधर:। धीर धरिये धीर धरिये शरद के चिन्ह अब पेखेपरै हैं॥

पद। जिमिशशिसहित अमलभो नभ तिमिरिपुहति प्रभूहिय ह्वै है।

बिलसहि बिगसित बारिज तिमि मुख सुखमा महि जाएहै ।
इनहंसनसद्रिसैगतिगहिअति उत्कंठितहिगजैहै ।
बिस्वनाथइनखंजनसेद्रिग देखिअमितमुदपैहै ॥

(नेपथ्ये गानवाद्यधुनिः)

हितकारी कर्णंदत्वा । डील धराधर या सुगल अबहूं हमारी
सुधि भुलाय कै राग सुनै है ॥
डील धराधरः सक्रोधं । मैं जाउं हौं बासबिकी दशा याहूकी करौंगो ॥
हितकारी । ऐसो क्रोध न करो जाउ समुझाय कै लेवाय ल्यावो
हौंहूं तौलौं परवत में सिद्धाश्रम न जाय चित बिश्राम करौं हौं ॥
(इतनिःक्रांतौलप्रवेषः) (मदारसुगलप्रवेशः)
मदाघूर्णितनेत्रःसुगलः । भभ्रवभ्रभर्णापापिये घुघुघुघूर्णतिमेदनी ॥
तारका । भभभ्रमतिभास्करोडपिनकेवलामेदिनी ॥
सुगल । हहाहमसिकंप्रियेववचार्णमानय ।
तारका । समाप्तिगगवाचके ॥
सुगलः । गगवाद्यमेवानया ॥

(प्रविश्य चेतामल्लः)

छंद । जोसबकाजसवांरनोतुरतहितेहि भुलायकपिराय ।
करिमदपानरहौमतवारैराजरहैकीजाय ॥
हमसचिवनकहंशोचहोतहैसमुझितिहारोनाथ ।
बिस्वनाथसुनिबिनयकरहुमोइजातेरहैबिलास ॥ १ ॥
इतिश्रुत्वा बिगतमदःसुगलःसभयं । बेगि बानरन कों पठाइ सप्त
दीप सैं ल्यावो ॥ चेतामल्लः तथेतिनिःक्रांतः ।
प्रविश्य भुजभूषणः । क्रुद्ध डील धराधर आय द्वार पर खड़े हैं ॥
ससंभ्रमं सुगल । तुम जाउ चेता मल्लको संग लै उनको शांत कराय
लेवाय ल्यावो ॥ भुज भूषणः तथेतिनिः क्रांतः ।
सुगलः । सुषेन सुता तुमहू अंतह पुरके द्वार लों जाय क्षमा कराय
लै आवो ॥ सुषेन सुता तथेतिपरिक्रमति ।

(ततःप्रविशतिचेतामल्लभुजभूषणाभ्यसिद्दितोडीलधराधरः)

(सुषेनतनयापुरोवलोक्य)

करनाटकी भाषा में पद । मैदन मंगल आगलि निनग ।
याकासिट्टमाडिदिइवतनन्नगण्डक्यलसइतग ॥
माडयानकोतिकलसिकोट्टाननीनुनडीवलग ।
विश्वनाथसिट्टविड्डअडूनीनुगतीनिनग ॥

तिलक । मैदन कहे देवर , मंगल कहे कल्याण, आगलि कहे होइ, निनग कहे तुम्हार ॥

दूसरतुक । या कहे काहे, सिट्ट कहे क्रोध, माडिदि कहे कीन्हा है, इवत कहे आजु, नन्नकहे हमार, गंड कहे पति, क्यलस कहे काज, इतग कहे इसका ॥

तीसरतुक । माड यान कहे करने हैं, कोति कहे कीश, कलसि कहे भेजि, कोट्टान कहे दिया है, नीनु कहे तुम, नडी कहे चलौ, वलग कहे भीतर ॥

चौथतुक । सिट्ट कहे क्रोध, बिड्डू कहे त्यागो, अडू कहे सब, नीनु कहे तुम्हार, गती कहे गति, निनग कहे हमका है ॥

(डील धराधरः अंतह पुर प्रवेशं नाटयति)

सुगलःसदारःपर्यंकात्स संभ्रमनुत्थाय। अर्घ अर्घ पाद्य पाद्य ॥

डीलधराधरः सक्रोधं । अरे वह घर भुलाय सुरापान करि सुंदरिन संग बिहार करे है ॥

(सुगलः कंपते)

चेता मल्लः । आपको काज सुगल नहीं भुलायो युत्थपन बोलावन सब दिशन बानरन पठाये हैं ॥

सर्वतोवलोक्य सहर्षम् । यह देखिये मार्तंड मंडल को रज समूह पान ऐसो किये लेय है प्रलय पौन कैसो शोर होय है यातें मैं गुनौ हौं की बानरी सेना आवै है क्रोध काहे करियतु है सुगल हितकारी कों आपतें अधिक पिआरे हैं ॥

डीलधराधरःसस्मितं। सुगल हितकारी के पास चलो ॥

(इतिनि:क्रांता:सर्वे) (प्रविश्यहितकारी)

पद । पवनपरसिमहिजाअंगमेरो अंगअबपरसै । छनयहतापमिटायन्या करिनतु तन भ्करसै ॥ रबितुममकुलजेठकहहुकहं तियअपहारी । कैतेहिमायनिमालकरहुं विग्नुनाथसुखारी ॥

(ततः प्रविशति ससुगलो डोलधराधरः)

प्रणम्यसुगल: । यह सैना देखिये ॥

पद्धरीछंद । अर्बनखर्बनआवतकपीन । आकाशहोतअवकाशहीन ॥
वपुसमसुमेरुत्यपअनेक । त्रिकालहुकोनहिंडरतनेक ॥
जवजोरहुजिनसद्दशसुपर्ण । हैंबिबिधिदेशकेबिबिधिबर्ण ॥
निजतनअर्पोदलसहितनाथ । मोकरौंकाहियजोविश्वनाथ ॥

हितकारीसहर्षं । तुम सो मित्र पाय मैं अब शोक समुद्र पार होन चहत हौंइनको महिजा को खबरि लेन पठवो कहां है शरीरत्यागि दियो की जीवति है ॥

सुगल:अंजलिंबध्वा । बहुत भली बानरान्प्रति, तुम सब दिशि बिदिशि जाय महिजा की खबरि लै आवो औ भुज भूषन जेता मल्लादिकन को संग लै दच्छिन दिशा तुमहीं जाउ जो कोई मास भरे में खबरि न लै आवैगो सो मोरही करतें बद्ध होयगो ॥

हितकारी । जेतामल्ल यह मुंदरी सहिदानी लिये जाउ ॥

(तथेति निःक्रांता बानरा:)

सुगल: । महाराज जब मोकों अग्रज निकारि दियो तब मैं ताको महा अमर्षी जानि भयतें भाजत सकल महि मंडल अवलोकि आयो तहां तहां के गुप्त प्रगटस्थल मैं सब बताय दिये हैं खबरि लई आवैंगे तब मैं महासैन्य संग लै शत्रु संहार महिजा को लै आउंगो ॥

हितकारीउत्थायआलिंग्य । क्यों न कहो तुम सब करन को समर्थ हो ॥

ततःप्रविशंति । द्वीप द्वीप देश देश चिन्हानि गृहीत्वा बानराः ॥

सुगलसचिंतंस्वगतं । दक्षिण वोर तें भुजभूषन न आये मास बितीत ह्वै गयोधौं कहा है ॥

(प्रविश्य स्वप्रकाशिनीतापसी) द्राविड़ीबोलीमें ।

पद । अनकवरिकंनमलिपंडिरजैजैहितकारी ।
एल्लागुनपरंदडमउडमनूडबिडवियं नल्लकैयलविल्लुपिडिचिररोंवलि-
च्चुकारी॥एल्लालोकनादनखलकूटतकुन्नीरनीरमूनलोकदण्डीकेबरनल्ल
वेलपारू । संगरादिध्यानयश्मीनल्लसुखतअडंदालनल्लअडांघविश्व
नाथसज्जनन्तकारू ॥ १ ॥

(इतिप्रणम्य निःक्रांताः)

तिलक । अनकवरिकं कहे सबप्रानीको, नमलि कहे सुख, पंडिर कहे करवैयाहो, एल्लागुनपरंदडम कहे सब गुणनिधान हो, रड मनूडबिडबियं कहे शरीर संताप नाशकहो, नल्लकैयलविल्लु-पिडिचिर कहे सुन्दर हाथमें धनुष धारण कियेहो, रोंवलिच्चु कारी कहे बहुत प्रकाशकारीहो, एल्लालोकनादन कहे सब लोकनाथहो, खलकूटतकुन्नीरनी रकहे दुष्टसमूहकेमरैयाहो, मूनलोक कहे तीनलोकके, दंडीकेबर कहे शिक्षा करैयाहो, नल्लवेलपारू कहे शतकर्म्म करो, संगरादि ध्यानयश्मी कहे शिवादि ध्यान करिकै, नल्लसुखतअडंदाल कहे सुन्दर सुख पावतेहैं, नल्लअडांघिविश्वनाथ कहे सुन्दर रूपतें हेविश्वनाथ, सज्जनंतकारू कहे सज्जनन की पालनाकरो ॥ १

(हितकारी सुगलमवलोक्यते)

सुगलः । महाराज द्राविड़ देश के परवत में एक गुहा है तहां या स्वप्रकाशिनी तप करत हुती मेरे जान तहाँ गए कीश तिनसों आपकी खबरि पाय आय दरशन करि सुख छाय स्तुति करि शिर-नाइ कृतकृत्य भई गई ॥

(ततः प्रविशति गृद्धः)

गृद्धः प्रणम्य । महाराज मोकों आपके कृपापात्र बानर मिले तिनको दरश पाय पक्ष सहित ह्वै होंहूं प्रभु पद पदुम परसन आयो मेरो बड़ो भाग्य जगो जो मेरे भाई को काय आप के काज में लगो ॥

हितकारी । कहो सब कीश कुशल हैं महिजा की खबरि पाईकी नहीं ॥

गृद्धः । महाराज तिनको मैं संदेहित देखि राक्षसपुरी में महिजा को

बतायो सब मेरे बचन सुनि सिंधु पार जायबेमें असक्य देखे परे तब ध्यानस्थित जेतामल्ल पास ऋच्छपति जाय बृतांत जनाइ महाबल सुधि देवाई जेतामल्ल उर उत्साह भरि दीह देह धरि लंगूर महि मारि कह्यो पुकारि ॥

कवित्त । कहौतौउठायदीपबोरौंबीचबारिधमें कहौदिगसीससीसरोसि नोचिडारहूं । कहौमुष्टिकूटिकूटिरैनुकैत्रिकूटआजुगगनउड़ाय कैतमासोसोपसारहूं ॥ कहौक्रोधभारभूंजिभूंजिभूरिराक्षसानि सोईखाखधारिदेंहरुद्ररूपधारहूं । कहौतोलपेटिलूमल्याउंकुलिवाकोकुल आगेहितकारिहीकेमींजिमींजिमारहूं ॥ १ ॥

ऋच्छराज कह्यो तुम सब करन लायक हौ अबै जो आज्ञा भई है सोई करौ या सुनि उछलि पारही परौ, आज्ञा होइ तौ अब परिवार देखौं ॥ इति प्रणम्य निःक्रांतः ।

हितकारी । चलो संध्या बंदन करैं ॥

(इतिनिःक्रांताः सर्वे चतुर्थोऽङ्कः)

इति श्री मन्महाराजाधिराज बान्धवेश श्री महाराज विश्वनाथ सिंहजूदेव कृत आनन्दरघुनन्दन नाम नाटके चतुर्थोऽङ्कः ॥ ४ ॥

———oo———

अथ पंचमाङ्क प्रारम्भः ॥

(समंची दिक्शिरःप्रवेशः)

दिक्शिराः संचिंप्रति । आजु हौं रैनिशेष सपनो देख्यो की एक मरकट खबरि लेन आइ जा सिंसुपा तर महिजा है तामें छप्यो बैठ्यो है सो जागि मैं महिजा के पास जाय बहुत भय दई ताके बिलाप की बातैं मेरे मन में अब लों गड़ी हैं ॥

संची । तो जागि रातिहीं दुख देन काहे गये ॥

दिक्शिराः । जाते वाकी दशा देखि दूत खबरि दै हितकारी कों आसुहीं ल्यावै ॥

प्रविश्यराक्षसी । महाराज मोकों ब्रह्मा कों बरदान रह्यो है जब लों कोई तेरो तिरस्कार न करैगो तौलों राक्षस पुरी को भय न छोड़गो सो काल्हि को रैनि में एक छोटो सो बानर आयो ताको मैं द्वार में रोक्यों मोको वा मुठिका मारयो मुरछित ह्वै गई जागि अस्तुति करि पूंछो तुम को हो कहां ते आये सो कह्यो हों हितकारी को दूत हौं महिजा की खबरि हेत आयो हों महिजा जहां रही सो थल भय सों बताय दियो औ तुमसों कह्यो हों हितकारी परम पुरुष हैं जो जीवन चाहौ तौ महिजा को लै शरण जाउ ॥

(इति निःक्रांता:)

प्रविश्य बाटिकापाल: । यक कपि महा प्रबल आय बाग बिध्वंसि पालकन मारि डारयो हों भागितें भागि खबरि देन आयो ॥

दिकशिरा: मंत्रिणंप्रात । सपनो सत्य भयो चलो पकरन को ततबीर करैं इतिनिःक्रांतौ ॥

(प्रविश्यचेतामल्ल: । इतस्ततःसंचरति)

नेपथ्ये कोलाहल: । रथ रथ हाथी हाथी घोरे घोरे धनु धनु ल्याव ल्याव धाउ धाउ ॥

(ततः प्रविशति स सैन्यो नयनकुमार:)

नयनकुमार: छन्दनराच । सबै सुभट्टधाइ धाइ घेरिलेहु कीश कों ॥
महान्‌रज्जुबांधियाहि देहु दिग्ग सीसकों ॥

सुभटा: । सबैहंथ्यारकैप्रहार अंधकार कीजिये ।
झपट्टिअंगअंगमेंलपट्टिबाँधिलीजिये ॥

(गृह्यतां गृह्यतामिति धावन्ति)

नयनकुमार: । अरे सूत यह तो बड़ो बलवान बंदर है बाग के प्रसाद को खंभ उपारि सब दल दलि डारयो हांकु मेरो रथ ॥

(इति शरान्निःक्षिपति)

चेतामल्ल:आत्मगतं । अरे यह तो बड़ो धनुर्द्धर है याके शरन सों हों सावकाश नहीं पावों हौं ॥

इत्युत्पत्यनिपत्यचरथंचूर्णयति।नयनकुमारःमल्लयुद्धंनाटयति॥

(चेतामल्लः पादयोर्गृहीत्वा भूमौताड़यति)

नेपथ्ये। महाराज नयनकुमार तो समर शयन कियो, वत्स वत्स इन्द्रमद मोरन काल है कि रुद्र है जो नयनकुमारई को मारि डारयो और कैसे जीतैगो ताते तुहीं जाइ बांधि ल्याउ ॥

चेतामल्लः आकर्ण्यस्वगतम्। रथन को घहरन गज घंटन को घन घन बाजि पैजनियन को झनझन भूषनन को खन खन एक ह्वै महा घोर सुन्यो परै है कोई बड़ो बीर आवै है॥

(ततः प्रविशति घनध्वनिःससैन्यंच)

चेतामल्लः सोत्साहं छंद तोटक ।

युगसर्पसदर्प्पलगरथमें । पसरैमनि पुंजप्रभापथमें ॥
फहरात अकाशपताकमहै । उतसाह भरो अति सूतअहै ॥ १ ॥

परम प्रतापी पुरहूत विजयीआवै है वाहवा वाहवा आछो युद्ध ह्वायगो ॥

(इति सिंहनादंकृत्वा उत्फुल्ल भुजमास्फोटयति)

(ततः सर्वतः सेनाप्रहरति)

घनध्वनिः सूतंप्रति। अरे याको पराक्रम देखै तो बारन उठाइ बारनन पैं डारि रथन सों रथन संहारि भटन गहि भटन को मारि इत उत दौरिदौरि सिर भुज तोरि तोरि करोरिन को निपात करि दियो हांकु तो याके सन्मुख मेरोरथ॥ इति शरजालं मुंचति ॥

(चेतामल्लः बाणान्वंचयित्वा पर्वतैः प्रहरति)

घनध्वनिः। देखै तो सूत याके पवारे परबत आकाश अनवकाश करत प्रलय पयोदही से पेखे परै हैं ॥

(इति शरैः पर्वतान्निवार्य्य आचम्य अस्त्राणिमुंचति)

चेतामल्लः स्वगतं। देखों तो याको पराक्रम कैसो है ॥

(इति निःचलस्सन्मुखं तिष्ठति)

घनध्वनिः। अरे सूत आश्चर्य है जे हमारे अस्त्र शस्त्र कालहू को बिथित करत रहे ते याको तन तनकउ नहीं असर करै हैं अब देखैं अमोघ ब्रह्मास्त्र तें बांधौं हौं ॥

(इति आचम्य निःश्वसिति)

चेतामल्लः आत्मगतम् । अब मैं ब्रह्मास्त्रकी मर्यादा राखि दिगशिरको देखौं ॥

(इति ब्रह्मास्त्र बद्धः पृथिव्यां पतति)

राक्षसाः सहर्षं रज्जुभिर्बध्वा स घनध्वनयो निःक्रांताः ।

(ततः प्रविशति सपरिकरो दिक्शिरः)

दिक्शिरः । अरे द्वार में गलबल काहे को सुन्यो परे है ॥

प्रविश्य द्वारपालः । महाराज घनध्वनि वा बंदरको बांधि लै आयो हैं ताको सब पुरवासी हराषत ह्वै मारिमारि तारी दै दै सोरकरे हैं ॥

दिक्शिराः । अरे उन पैं कहै जाइ मारैं मति वाको ह्याँई लै आवैं ॥ द्वारपालस्तथेतिनिःक्रांतः ।

(प्रविशति करगृहीत रज्जुबद्ध चेतामल्लो घनध्वनिः)

चेतामल्लः आत्मगतम् । अहो याके बदनन में महा प्रकाश है सुर्य्यशिष्य जो मैं ताहू के नैन निरखत में मूंदि आवै हैं ॥

नेपथ्ये छन्दनराच । कृशानु जाइ पाक भौनबेगि पाककों करैं ।
बहारि आउ वायु बाट फेरि मन्द संचरैं ॥
चलेस ल्याउ गंगपाथ दिग्गशीस न्हानकों ।
धनेश धाइ छोड़ल्याउ निद्धिनित्य दानकों ॥

चेतामल्लः श्रुत्वा सविस्मयं स्वगतम् । आश्चर्य है ऐसी आज्ञा ईश हू की नहीं सुनी ॥ दिक्शिरमोऽभिप्रायंज्ञात्वा ॥

मंत्री । रे बंदर कालरुद्र बिष्णु पठायो आयो होइ तो साँच कहि जाय तोको छोड़ि ताही को देखि लेडुंगे ॥

चेतामल्लः दिक्शिर संप्रति । मोको तिहारे बंधु सुगल ने पठायो है या कह्यो है हमको हित चाहै हैं जो कोई अनीति करे है ताको बिनाश बेगिही होइ है तुम हितकारी की नारी हरी है सो दै राखो तुम्हारे तो वेद शास्त्र सब जाने है बहुत समुझन वारे सों बहुत कहै तें का है ॥

दिक्शिराः । हम तो हितकारी की नारि हरि लयाये हैं उन को यामें कहा परी है ॥

त्रेतामल्लः दोहा । विष्णु स्वयंभू शंभु हू तीनि तीनि तनधारि ।
कोरछहि हितकारिरिपु सकै न मीचु नेवारि ॥

दिक्शिराः सक्रोधम् । क्रोध कटुभाषो को मारि नहीं डारत हौ सुनत कहा हौ ॥

भयानकः दिक्शिरसंप्रणम्य । महाराज दूत अवध्य है मेरे मन में एक मंत्र आछो आयो है सो सुनि लीजै ॥

दिक्शिराः । कहिजाइ ॥

भयानकः । बानर को लंगूर परम पियारो होइ है सो लाय छोड़ि दीजिये जो उनके पराक्रम होयगो तो याको हाल देखवेई आवैंगे तिनहीं पै प्रहार करैंगे ॥

दिक्शिराः । आछी कही ॥

पुनश्च राक्षसान्प्रति । भो राक्षसौ याको लैजाइ लंगूर पट लपटाइ आगि लगाइ बाजन बजवाइ राक्षसपुरी के चारों ओर फिराइ छोड़ि देउ ॥

राक्षसास्तथेति त्रेतामल्लं गृहीत्वा निःक्रांतः ॥

(नेपथ्ये महान कोलाहलः)

छंदनराच । अलातचक्रकं प्रभासबैअनाथसेजरैं ।
लचीमहासुबर्णभूप्रसादपर्णघिलैंढरैं ॥
त्रानकोबिधाननाहिंप्रानआसुनिस्सरैं ।
भभांतभौनभांड़भांड़हायहायकाकरैं ॥ १ ॥

आकाशे । अरे अरे राक्षसपुरी की लपटैं तो स्वर्गहू लों आईं चलो चलो ब्रह्म लोक कों ॥

दिक्शिराः ससंभ्रमं । देखो तो देखोतो कहा होइ है ॥

द्वारपालः । महाराज वा बंदर ने ऐसो लंगूर पसारो की पुर भरे में पट घृत तेल न रह्यो जो लेस्यो सो छोटो होइ पास ते छूटि बड़ो शरीर धारि रक्षा करन बारे राक्षसन को संहारि पुर जारि डारयो ॥

दिक्शिराः ससंभ्रमं सर्वैर्मुखैः । अरे धावो धावो कुल सहित सकल दल पुष्पक चढ़ावो सागर पहुंचावो होहूं घटकान को उठाय आय पहुंचत हों ॥ इतिनि ःक्रांताः सर्वे ॥

(ततः प्रविशति मल्हिजाराक्षस्य)

मल्हिजा । बड़ा कोलाहल सुनो परै है कहा है ॥

सुनेपैशाचीबोली में पद । जेवनलेघनलवेनबंधिए ।
सेद्गिलजालियलंगूलेलरबुलूयंधलितुनंमुंचिए ॥ इदोतदोधावन्ते
जालइपुलंलस्कसीचंपइलुंचइ ॥
ताइइमेहुंमहाकलकलेविस्सनाहपियतमेंसुनिज्जइ ॥

टीका । जेवन लेकहे जो बानर, घनलवेन कहे घननाद करिकै, बंधिये
कहे बांधिगा, से कहे सो, दिगल कहे दिगभीत करिकै, जालिय
लंगूल कहे जराई गैलांगूलजेहि करि, लरबुलूयंधलितुनंमुं चिए कहे लघु-
रूप धारन करिकै छूट, इदोतदो धावंते कहे इहां उहां धावत,
जालइ पुलं कहे पुरकोजावत है, लस्कसीचंपइलुंचइ कहे राक्षसिन
कह चावत है नोचत है, ताइइमें कहे तेकर, याहुं कहे
निश्चय करिकै, महाकलकले कहे महा कलकल शब्द, विस्सना-
हपियतमें, कहे हेविश्वनाथ पियतमें, सुमिज्जइ कहे सुनोपरत है ॥

(मल्हिजासशोकं)

दोहा । हायहायकरतारअब जोकछुनकृतिहमारि ।
तालेकपिकारोमिजपावकसकैनजारि ॥

प्रविश्यचेतामल्लःप्रणम्य । अम्ब बृतांत सब सुनिबोई कियो होइगो
आप के प्रभाव तें पावकहू पायही सो लग्यो पयोधिमें पूंछि बुझाइ
पद पंकज परसन आयो आज्ञा पाऊं तो हितकारी पास जाऊं ॥

मजिा सहर्षं । यहचूड़ामति सहिदानी लेउ, तिहारो मारग सिद्धि
होइ ॥ चेतामल्लः प्रणम्य निःक्रांताः ।

मल्हिजाराक्षसींप्रति । यहां राक्षस पुरी के खाख तें कछ देख्यो
नहीं परै है चलो तड़ाग में चलि बिश्राम करैं ॥

इतिनिः क्रांताः । (ततः प्रविशति ससैन्यो भुजभूषणः)

भुजभूषणः चिरंजीवी कच्छराजंप्रति । चेतामल्लको बिलंब
बड़ो भई धों कहा भयो होइ ॥

कच्छराजः । सगुन बड़े बड़े होय हैं चाहिये चेता मल्ल खबरि लिये

कुशल आवतै होय देखो देखो या दक्षिण ओर तें आंधी आवै है औ किलकिला शब्द सुनो परै है ॥

(ततः प्रविशति चेतामल्लः)

भुजभूषणः सहर्षं सुत्थाय लांगूलं चुमित्वा । अरे चेतामल्ल तो आयही गये ॥

सभुजभूषणाः सर्वैः बानराः सहर्षं चेतामल्लमालिङ्गति ।

चेतामल्लः सर्वैं यथेचितं मिलित्वा सर्व वृत्तांतं कथयति ।

भुजभूषणः । जो खबरि पाय बिन बिन लिये गये तो सब की भरता की भार होइगयो यातें चलो दिक्शिर को मारि महिजा को लिये चलिये ॥

विभराजः । तुम बासवि के तो पुत्र हो काहेनकहौ भैहितकारी की आज्ञा खबरि ही लेन को रही है तातें चलो सो सुनाय फिरि उनहीं के साथ आय पराक्रम करियो ॥

भुजभूषणः । बहुत भलो ॥ इति सर्वे निष्क्रान्ताः ।

(ततःप्रविशति स सुगल डीलधराधरो हितकारी)

सुगलः । चेतामल्ल अकेले राक्षस पुरी को गयो वहां शत्रु बड़े बरिबण्ड है धों कहा भयो होय ॥

डीलधराधरः । प्रभु प्रताप तें सब आछो होइगो ॥

प्रविश्यदधिवदनः । भो महाराज तिहारो रखायो रह्यो जो माक्षिक कानन ताके फल भुजभूषन सब बानरन को खवाइ दये औ तोरि तोरि महि डारन लगे तब मैं चलि अधिक रोक्यो तो मधुमत मोकों प्रहार कीन्हो भाजि आइ आप को जनायो ॥

सुगलः सहर्षं । महाराज महिजा की खबरि आई जो खबरि न लैआवते तो माक्षिक बन के फल न खाते ॥

(प्रविश्य सर्वेबानराः प्रणमति)

(भुजभूषणः सर्ववृत्तांतं कथयति ।

हितकारी सहर्षं । चेतामल्ल महिजा को वृत्तांत आपनेमुख तुमहू कहिजाउ ॥

पद । चेतामल्लपरमहितकीनो । टेक ।

द्रुततरउदधिउलंघित्यायसुधि सोऽकसमुद्रसुतरैकरिदीनो ॥
ताहिदेवेलायकत्रिभुवनमें वेरतहोतिमेरिमतिहीनो ।
विश्वनाथसमहिंहिमा हंप्रिय सदहिरहहिममरसमतिभीनो ॥

चेतामल्ल: । जलधितो आपकी कृपा जहाजही पार कीनो औ राक्षस पुरी तो महिजा की महा शोकाग्नि हीं ते जरिगई महाराज मैं कहाकरन लायक हुतो ॥

हितकारीसवाष्पावरुद्धकंठम् । महिजा शरीर रहन को कारण कहि जाउ ॥

चेतामल्ल: । महाराज दिगंगिर पुरमें काल की गति नहीं है महिजाउ यह चूड़ामनि सहिजानी दई है औ कही है की इन्द्र सूनु काक की बेरि जो कृपा मेरे पर करी सो कहां गई ॥

गृहीत्वा हितकारी । यह चूड़ामनि देखे मोको महाराज द्रिग कमल ओझील करु की सुधि आइ गई ॥

दूत्यधरत् फुर्णाविटयत्वा धैर्य्यमभिनीय । रिपुको रूप पराक्रम कहि जाउ ॥

चेतामल्ल: कवित्त । लागेहैंत्रकासदशसीसशैलशृंगएेसे बीसभुजविपुल अहीशसमभायेहैं । विष्णुचक्रबज्रवासीवारनकेदन्तनके दोरघहियमें कनेघायठविछायेहैं ॥ एकबलवानऔसुजानबेदशास्त्रन में सारअरु सस्त्रजाको शिवहीपढ़ायेहैं । लोकनकेनायककेलायकरहेतोवाही पापीजानित्रजइन्द्रआदिकबनायेहैं ॥

सुगल: । महाराज अब धीर्य को अवस है मुहूर्त करिये चलिये

हितकारी विचार्य । विजय मुहूर्त अबहीं है ॥

(इति चेतामल्ल मारुह्य डोलधराधर: भुजंगूषणमारुह्य सर्वे व्यूह बध्वा परिक्रांति ।

आकाशे गद्य । सुगल बल अति अविरल दल भूरिभार छिति तल कूहल हलत पल पल शैल उसलत जलधिजल खल भलत बेल थलतजल कहलि कहलि कोलकच्छ कलम लात अकुलात चटपटात गात पिसे से जात दरित रदन दरद दिगदुरदन चीतकार अपार धूरिधार धुंधकार दिन भरतार नाल खाटत अरमित उड़ात

प्लवंगनपानि लांगूल लीला उन्मूलित उच्छालित शृंग समूल वृक्ष वृन्द इन्द्र पेखो पेखो रिपु पर प्रभु पयान कीन करि सुरन मुरन आनंद देन चाहत है॥

सुगल:। प्रभु पेखिये तीर तरुन तरुन तरुन तति सरित पतिको जवनिकासी शोभित होइ है॥

हितकारी। राक्षस पुरी समीप है यातें सावधान डेरा करो॥

आकाशेपद। सबलेकसरन्यहितकारी। टेक।
अतिदयाल समरथसवभांतिन शरनशरन मेंशरन तिहारी॥
बंधुबिचारिदेनहितमहिजा दिगशिरकोंहठिमंत्रहिदीनो।
कोपिलातमारयोमोहिंमैतबचलिविश्वनाथचरणचितकीनो॥

पर्वतानुत्पाटयप्रहर्तुं सन्नद्धान्वानरान्दृष्ट्वा हितकारीङ्कारेण वारयति (सर्वे वानरास्तथैवतिष्ठति)

समंचीसुगल:। महाराज राक्षस बड़े छली होइहैं आइभेदकरिवेई प्रहार करैंगे॥

चेतामल्ल:। महाराज तेरोमत तो ऐसो है जो कपट कलित होय है सो ऐसी सरल बाणी नहीं कहै है॥

हितकारी पद। शरनागतपालकममबानो। टेक।
मित्रभावकरिकोउआवै तजहुंनकबहूं असतु मजानो॥
नखतेंकोटिसकोंखलदलसब राक्षसकाकरिसकतहमारो।
विश्वनाथजोहोइदिगशिरहू तऊलयावोकछुनबिचारो १॥

सुगल:। महाराज जो बाणी मैंकही सो आपकी शरणागत बानिप्रकट करन के हेत अबयाको मेरो समकरि दीजिये इति न:क्रांत:।

(प्रविश्यसुगलोभयानक:चत्वारो मंचिणश्चप्रणमति)

भयानक: हितकारी पादयो: पतित्वा। हेसर्व भूत के शरण्य पाहि पाहि शरण शरण॥

हितकारीउत्थाप्य। तुम तो हमारे बंधु समहो हम तुम को अभयदई सुगल जलनिधि जल ल्यावो इनको राक्षसपुरीको तिलक याही छनकरों॥ सुगलस्तथाकरोति॥

हितकारीअभिषिच्य। पारावार पारजानको विचार करो॥

भयानक: । आप के शरै सेतु करन शोषण समर्थ हैं पै आप के पु- रषन की बनायी है यातेंविनय करि मानराखिये वाही सों यतन पूंछिये ॥ हितकारी तथाकारोति ॥

डोंलधराधर: । तीन दिन आप कों विनय करत भये यह आपनी जड़ताइही जाहिर करै है ॥

हितकारीधनुर्गृहीत्वा । जोनहीं प्रकट होइ है तौ या शरतेंशोषे लेउंहीं ॥ नेपथ्ये पाहि पाहीत महान् शब्द: ॥

(तत: प्रविशतिसाभार्य:सागर:)

सागर:सभयं । महाराज मोकों आपही जड़ बनायो है मेरीकहाचूक है आपके सैन्यमें बिश्वकर्मा को सुत है तासों सेतुबंधाइ लीजिये मैं धारण करोंगो ॥ इति निक्रांत: ॥

सुगल: । हे वैश्वकर्म चलो वेगि सेतुबिरचो हम सब शैल लै आवैहैं इति सर्वे बानरा:निक्रांता: ।

आकाशे । छप्पै ॥ वृन्दवृन्दकपिइन्द्रलियेअनिलोंहिइवआवत ।
शैलसमूहहुसहितगगनभूतलसमभावत ॥
पटतजलधिखलभलतहलनअँचिपतिनिकेत है ।
अमितअंबुउच्छलतछहरिछितिछायलेत है ॥
तर्जितजिदहार द्रुतमीनगन भभरिभभरि भागतअहैं ॥
असकौतुकभारीदेखिनहिं जसहितकारीकरतहैं ॥

प्रविश्यसुगल: । महाराज सेतुतयार है ॥

(हितकारीबालुकामयंशिवलिंगंस्थापयित्वा)

सहर्षं । चलौ पारावार पारको ॥

इतिनि:क्रांता:सर्वेपंचमोंक: ॥ ५ ॥

इति श्री मन्महाराजाधिराज बांधवेश श्री महाराज विश्वनाथ सिंह जू देवकृत आनन्दरघुनन्दन नाम नाटके पंचमोंक: ॥

अथ षष्टमोङ्क प्रारम्भः ॥

(ततः प्रविशति सपरिकरो दिक्शिराः)

दिक्शिराः विहस्य । सुनियतु है बानर बहुत समिटे हैं औ साग-र तजि मोसों रन करन विचार करै हैं सो कौन आश्चर्य है पतंग प्रदीप में जरन कहा नहीं आवैं हैं कीर दूत तें जाइ खबरि लै आवै ॥

कीरः । महाराज बहुत भली ॥ इति निःक्रांतः ।

(नेपथ्ये महाकलकलः)

दिक्शिराः संचिंत्यमति । सोर बड़ो सुनो परै है कहा बानर उ-तरि आये ॥

प्रविश्य कीरः । महाराज बानरी सैन सेतु करि उतरी आवै है ॥

दिक्शिराः सत्वरं । चलो तो ऊंचे चढ़ि देखैं ॥

(इतिपरिक्रामति)

कीरः । महाराज यह देखिये दूजो उदधि ऐसो कपि दल देखो परै है ॥

दिक्शिराः । संख्या तो कहु ॥

कीरः । छंदतरंगिनी ॥ राक्सपुरीचहुबेर । कपिमार्छिनहिंअसठोर ॥ चाकलकोसचालीस । मतचारिलामनतीस ॥ कपिबांधिसंघसमेत । कोउतकेउतरनतेत ॥ आकाशहूदशकोस । कपिभीरभरी सरोस ॥

दोहा । भूपभूपय हिसैनकेरविलजीतनहार । शेषनसंख्याकरिसकेंगनैनोंअपहार ॥

दिक्शिराः । अरे यातो बड़ो कौतुक लख्यो ॥

कीरः । महाराज पहिले हितकारी के उतरत बड़ो कौतुक भयो ॥

गद्य । आहव आल्हाद बदन बिलसत बिलसत एक एक के आगे बिहँसि बहुत हँसि बहुत बिनोद किलकिला कोला हल करत कर तरु गिरि गहेन चढ़त गिरि परत गिरि परत जलधि जलहलहलत हलहल तहां

कै। शब्द दिशन भरत भरत खंड मैं कछु सुनि न परत भयो ॥
छंद । बिबिधिजातितरुफलभोजनहितउसलतसबजलजीवभये । हित
कारीसरूपताकिछकिछकिछ्रै जड़इवतहंसकलगये ॥ तिनचढ़िचढ़िबहु
क पदलउतरभेतोकौतुकप्रभुकहंलोकहों । सुमिरिसुमिरिवहअघटित
घटनाअघहूलौंमैंठगिसोरहों ॥
दिक्शिरा: । अरे लखाउ हितकारी कौन है ॥
कीर: । महाराज जाकी काय में कोटि मरकत मनि कांति पेखी
परे है सोई त्रिभुवन में एक धनु धारी हितकारी है ॥
दिक्शिरा: सक्रोधं । अरे मो को डरपावै है भागु दुष्ट ह्यांते ॥

(कीर:सत्वर सभयं निःक्रात:)

दिक्शिरा: आत्मगतं । अब नृत्य निरखन को समै है ॥
इति निःक्रांत: (तत:प्रविशतिससैन्योहितकारी)
हितकारी । सुगल संध्या भई यह सुबेल पैं डेरा करियेमोर देखि
-तेइंगे॥

नृत्य पविशंति । (सेनना:)

पद । लेहुसकलकपिलाचनकोफल आजुसुछबिअतिभारी । कीसनाहके
गोदसीस धरि पौढ़ेहैं हितकारी ॥ भुजभूषनअनिलजपददाबत दहिने
डीलधराधर । विस्वनाथबांएकछुभाषत मंत्रभयानकजयकर ॥ १ ॥
हितकारी चंद्रमवलोक्य । याके मध्य स्यामता नहीं है होंया
अनुमान करो हों पूबहीं स्यामा सर्बरी बियोगते पंचबान के बान
याहू को हियो फोरि गये हैं तिनके छिद्र हैं ॥

(डीलधराधर:)

पद । य कीकिरिनिपरसिकोऊबिरहीकेरमनलजगायो ।
किरनहिंकिरनधाइआगीयहि ट्रकोइलोबनायो ॥
सुगल: । ऊपरस्वच्छमलिनताभीतर सोइदरशातहियेहै ॥
चतामल्ल: । विस्वनाथप्रभुदुखहिदुखितसोभिहालाहलहिंपियेहै ॥

(नेपथ्ये ध्वनि:)

हितकारी । हेभयानक दक्षिणवोर कहा मंद मंद मेघगरजैहै ॥

भयानकः । महाराज मेघ नहीं है दिग्शिर नाच होवै है तहां की मृदंगध्वनि है ॥

(हितकारी धनुरारोप्य प्रविनिक्षिपति)

सुगलः । प्रभु प्राची दिशि तिमिरारि कैसे उदित होत आवे हैं जैसे अज्ञान को नाश करत साधक के हृदय में ज्ञान ॥

हितकारी । व्यूह बांधि चलो ॥ इति सर्वे निःक्रांताः ।

(ततः प्रविशति सपरिकरो दिक्शिराः)

दिक्शिराः संचिंत्यप्रति । अरे बड़ो आश्चर्य है मेरो छत्र चमर सब संगाविके आभरन राति नट सार में आकस्मात् ई काटि गिरिपरे

सशंकमंत्री । महाराज या कछू अशगुन सो सूचित होइ है कपि दलो सुवेल उतरि आयो ॥

दिक्शिराः विहस्य: । अरे तिर्यगयोनि में मरकट महा पशु होइ हैं आपनो मरिवोऊ जाने हैं पै मूठो ते मटरो नहीं छोड़े हैं फंदि जाइ हैं ॥

प्रविश्यचारः । महाराज राक्षस पुरी चारों वोर ते घेर गई या कोशन को शब्द आपहू सुनत होइगे जेहिते सप्रवत पारावार धरा डोलै है

दिक्शिराः । यह सैन शब्द सुनि मोकों कैसे सुख होइ है जैसे नवीन नायका की नूपुर ध्वनिसुनि ॥

नेपथ्ये । हाय हाय अवधों कहा है एक कीश पुनि पुर पैठि आयो ॥

प्रविश्यद्वारपालः । महाराज द्वार पैं एक बंदर खड़ो है कहै है मैं सुगल को पठायो आयो हौं ॥

दिक्शिराः नेत्रसंज्ञया तमाकारयति ।

(द्वारपालो निःक्रांतः)

ततःप्रविशतिभुजभूषणः । (भुजभूषणः इतस्ततोविलोक्य)

छंद । तिय चोर कहां है ॥

दिक्शिराः । भुजआंखिनहीं है ॥

भुजभूषणः । निरलज्जतहीं है ॥

दिक्शिरः कटुभाषनहीं है ॥

भुजभूषण: । हौंतो यथार्थई कह्यो है पै प्रियहू सुनै प्रभु भयानकको राक्षस पुरेश कियो सो कलंक तें डेराय प्रभु मों विनय करि अबहूं दूत पठाये जो बिरोध छांड़ि महिजा को देराखैतो राक्षसेश वही बनो रहै सो सुनि प्रभु की सुख पाय सुगल कहा या कहल मोहिं पठायो है की तुम हमारे बंधु को मित्र हो यातें सीख दीजियतु है दशन तृन गहि प्रभु शरन आवो नातो तुम्हारे नामनै प्रभु शर सप्तमी बहुव्रीहि समास करैगे ॥

दिक्शिरा: छंद । असमोनोंकोऊकह्योनिकबहूंजैसीसीखसुनावै ।
अहोमहाअचरजडेरवावैबैनरबंदरजगरावै ॥
काकोमुततैंकहैबेगिहौंयाकहिकहापरीहै ।
भूखोहोइमंगाइदेउंफलदेननरनारिहरीहै ॥ १ ॥

भुजभूषण: छंद तोमर ।

कियमीतदैजगजोति । तेहितनयमैंप्रियरीति ॥

दिक्शिरा: । कहु कहु कुशल मम अंग ॥

भुजभूषण: ॥ भोवानवन्हि पतंग ॥

दिक्शिरा: । कहु कौन मारन हार ॥

भुजभूषण: । किय राम भहि जेहि छार ॥

दिक्शिरा: । पितु बैर तैं नहिं लीन ॥

भुजभूषण: । प्रभु दीन तेहि फल कौन ॥

दिक्शिरा: । धिक धिक अरे बाप के वैरी प्रभु कहै है ॥

भुजभूषण: छंद । सुनु शठ सबके प्रभु हितकारी । शंभु धनुष जिन भंग किओ ॥

दिक्शिरा: । रेमतिमंद हरहु युत हरगिरि मैंकरिनिज करकौल लियो ॥

भुजभूषण: । जोतोहि बांधिजानि दुज छोंड्यो तेहिनृप बिनजिय करि जोदियो । तेहिमुनि मउमोरन हितकारी बीसनयन सूझत न हियो ॥

(दिक्शिरा: सक्रोधं)

दोहा । दिगशिर जैहै समर महि तब ह्वै है बल ख्यात ॥

भुजभूषण: । छठैं बरन दैअरध विधु ऊतरू गनु निजवात ॥ १ ॥

दिक्शिरा: साट्टहासं । अरे मरकट भटाई करै है जान्यो जान्यो

तेरे बाप को मारडारनो है यातें तेरे जाम बेई बलवान है ॥

छंदनराच । कराल काल दंडविष्णु चक्रधार वक्रहै ।

लई बिचारि कायकी कठोर तामोअंग छै ॥

संग्र सेइ बंदि मोर जोर खूब जान तो ।

अयानतें प्रशंसि राजपुत्र मोन मानलो ॥

(भुजभूषणः सक्रोधं)

दोहा । हितकारी सों रननहीं परो न कहुं खलराय ।

नीतिबिचारेंसुरअसुरबैठेन्यनब ताय ॥

दिक्षिराः छंद । परबलबलवानै । ममभनितनमानै ॥

भुजभूषणः सक्रोधम् । यहहैपरमानै । अवहींखलजानै ॥

सवैया । अपनोपगमैंमहिरोपतहौं सबभट्टतिलोभरटारहिंजो ।

तहं जोआकवीहमसत्यगनैं अवलैातिनकोगनुहारहिंजो ॥

दिक्षिराः भटान्प्रति । तुमबैठे कहाकरौबीरसबै यह बंदरठाढो

प्रचारहिजो ।दिगनायकआजुहमैंकरिहौंयहिकोगहिपायपछारहिजो ॥

भुजभूषणः आत्मगतं । एकहीं बार ये हजारन सुभट मेरी पग एटावे

हैं पै तिलो भरि नहीं डोलै सो हितकारी की कृपा है ॥

(दिक्षिराः सक्रोधं सिंहासनादुत्थाय)

रेरेकीशहौं पाइ गहि सागर में फेंकोहीं अब बल कारि रोप आपनो पग ॥

भुजभूषणः । अरे मेरे पाइ गहे कहा है हितकारी के पाइ गहे जातें

बिनाश न होइ ॥

(दिक्षिराः सलज्जंसिंहासने उपविश्यसक्रोधम्)

दिक्षिराः बांधो बांधो कीश कटुभाषी जान न पावै ॥

भुजभूषणः । अरे शठ सीखनहीं माने है अब हितकारी के भूंखे

बान तेरे कंठ श्रोणित पान करि अघाइंगे ॥

(इतिचागत्य ष्टलवलश्चतुरोराक्षसान्हत्वा निःक्रांतः)

दिकशिराः । ये बानर बहुत ढीठ होय गये चलो अब इनके शिकार

खेलन की तदबीर करें ॥ इतिसपरिकरोनिःक्रांतः ॥

(ततः प्रविशति हितकारीसैन्यञ्च)

हितकारीभवानकंप्रति । अब कहा कियो चाहिये ॥

भयानकः। हां ऐसी खबरि पाई है की दिगशिर अपने सेनानी कों पूर्व द्वार में टिकायो है तहां श्याम सेनानी को पठाइये दक्षिण द्वार में कुलिशरद कों राख्यो है तहां भुज भूषण को पठाइये, पश्चिम द्वार में कुनयन कों राख्यो है तिनकी सहाय में घनध्वनि कों टिकायो है तहां चेतामल्लकों पठाइये उत्तर द्वार में दिक्शिर आपई है याते हम सुगल आप ह्यांई टिके रहैं॥

(हितकारी नेत्रसंज्ञया ज्ञापयति प्रत्यक्षते निःक्रांताः)

नेपथ्ये। अरे एक कपि प्रबल आइ लूम पुर लाय लाय कीन बिकल भल अब कपिन दल कोलाहल हहल हहल हालत महल हाय हाय कहा होय॥

पुनर्नेपथ्ये। पाइ रथ दशगल चढ़ि चढ़ि बहल जहल पहल तन अति बल राक्षस नदल कढ़त धूरि धुंधकार मार्तण्ड मढ़त बाजिन बढ़त देखो कैसो युद्ध होइ है॥

प्रविश्यचयोबानरा:। महाराज कुनयन औ अचल कों चेता मल्ल कुलिशरद कों भुजभूषण औ दिगशिर के सेनानी कों आपको सेनानी संयमनीपुरी निवासी करि दियो॥

सुगलः सहर्षं। कहि दीजियो जो निकसै ताकों याही भांति मारिडारैंगे॥

(नेपथ्ये महाहलहला शब्दः)

(ततः प्रविशंति श्याम भुजभूषणचेतामल्लः)

सुगलः। कौन कारण तुम आये॥

त्रयोभटाः। उत्तर द्वार ह्वै दिगशिर कढ़ै है याते अपने अपने द्वार में भारी सेना टिकाय हम आये हैं॥

(ततःप्रविशतिदिक्शिरः सैन्यञ्च)

हितकारी। हे भयानक यह दल के महा भटन को चिन्हावो॥

भयानकः छंद। रसवीरसोमुखलाल। करिकंधपरसमकाल॥
घनसजलसरसशरीर। दूजोअचलयहवीर॥
प्रलयागिसमजेहिदेह। मातंगजेहिसमनेह॥
बलअहैसमपुरहूत। नक्राचरासभपूत॥

करशूलकरसुरशूल । सुरकालनामअतूल ॥
जोचढ़ोबारनबीर । अतिउदरयहरणधीर ॥
करशूल वृषअसवार । त्र्यमुण्डदिगशिरवार ॥
अहिलिखोध्वुजबलवान । बड़अभैसुतघटकान ॥
करशक्तिहयसमनट्ट । यहमानवांतकभट्ट ॥
करपरिघबलसमशुंभ । हैनिघटसुतश्रुतिकुंभ ॥
गिरितीनसमहिशरीर । अतिबलधरेधनुतीर ॥
बाढ़तरहतसबयाम । अतिडीलयाकोनाम ॥
केहरीअंकपताक । याकीचहूंकितसाक ॥
जोहिजोरजगतसभीत । घनध्वनिअहैसुरजीत ॥
नभलगेजोहिदशमाथ । धनुबानबीसहुहाथ ॥
बहुभूतरयचहुंओर । हैयहैदिगशिरघोर ॥

हितकारी सखितम् । याको जैसो सुनत रहे तैसोई है सहस्र सहस्र कर सम प्रकाश सों याके आनन नीकी भांति निहारे नहीं जाइ है जैसो यह निशिचर परिवार पालन हार बल पारावार है ऐसो दूजो संसार में बिचार में नहीं आवै है अधरम अगार जो न होतो तो याको संहार करन हार कौन हुतो ॥

दोहा । बहुतकियेश्रमडीठिपथ परनोआजुदिगशीश ।
बीसबिसेंमुददेतमोहि धरिधनुशरभुजबीश ॥

दिगशिरा: । अरे महा सुभटो सुनो जानि जो बानर किलामें पैठि जाई तो न बनै यातें तुम सबलौटि जाव मैं अकेलहीं मारि लेउंगो ॥

सर्वे तथेति नि:क्रान्ता:

(दिक्शिरा: सक्रोधं धावति)

सुगल:स्वगतं । पद । आजुबखतरप्रभुफूलेनसमातुहैं । देखिदेखि दिगशिरफेरतस्वकरशरधनुषकपाइबारबारमुसुक्यातहैं ॥ रोमरोममेंद छायेदेवनकोभलभाये छनछनसुछबिलटनअधिकातहैं । बिश्वनाथ मनयहिओसरमेंदेखौपरैआपैआसुखलसोंजराईलेनजातहैं ॥
सोअवहमहींआगेहोंय ॥

(इतिगिरि तरु कर सैन्यसहितो धावति)

हितकारी । डीलधराधर देखो बानरन के चलाये गिरितरु समूहनतें दिगभिर कैसो मंदिगयो जैसे बर्षा कालके मेघन तें महा महीधर । फिरि बानन तें गिरितरु काटिकैसें निकसि आयो जैसे सूर्य नीहारतें ॥

डीलधराधर: । देखिये महाराज सुगल कों तो एकहीं बान तें मूर्छित करि दियो आज्ञा होइ तो मैं जाउं ॥

हितकारी । यह त्रैलोक्य बिजयी है सावधान युद्ध करियो ॥

भयानक: श्यामंप्रति । श्याम जोलों डीलधराधर प्रभु को प्रदक्षिणा दे प्रणाम करि चलों चहै तोलों चेतामल्ल दिगभिर को शर बचाइ देखो नियरेहीं खड़ो भयो जाइ ॥

चेतामल्ल: । तोको बड़ो बलवान सुन्यो है सो मेरे उरमें एक मुठका लगाउ तो मैं देखौं केतो बल है ॥

दिक्भिरा: पवन को बल तो मेरा तोलो है तोहू को बलवान सुनो है यातें तैंही मेरे उर में मुठका लगाइ ले फेरितो प्रेतपति पासहीं पहुंचैगो ॥

चेतामल्ल: । अरे नयनकुमार को खबरि करै ॥

दिक्भिरा: । सक्रोधं मुष्टिकांप्रहरति चेतामल्ल: घूर्णतन्नाटयति ॥

(पुन:धर्य्यमास्थाय तत्प्रहारंकरोति)

दिक्भिरा: सकंपम् ।श्याबास बीर श्याबास आछो बल है तेरो ॥

चेतामल्ल: । धिक्कार मोकों है जोतूं मेरे मूठका तें न नि:प्राण भयो अब तूं प्रहार करि ले फेरि जो बचैगो तो सराहिलेइगो ॥

दिक्भिरा: सक्रोधं सबीम मुष्टिकाभ: प्रहरति ।

(चेतामल्ल:मूर्छांनाटयति)

दिक्भिरा: । सूत मेरो रथ सेनानी हंताके सनमुख करै ॥

(इतिश्यामं बाणैराछादयति)

हितकारी । पद ॥ तबकहुभयानककंपितनभूधर ।
बानबचाइघालकरिघूमत कहुंधुजकहुंभुजकहुंशिरऊपर ॥
बीसहुभुजसींगहननपावत सोनितमयतनकियोकीभर ।
कपिकल्यानबिभुनाथहोइअब रोषितखलअनलास्वलियोकर ॥

दिक्शिरा: । ध्यामूं भजिभजि बच्यो है जो या बान ते बाचे तौ तोको बीर कहौं ॥

(इतिशरं निक्षिपति श्यामःमूर्छां नाटयति)
ततो वलोक्य डीलधराधरः धावति
दिक्शिराः बाणधारामुंचति ॥

आकाशे । गद्य ॥ दोनो बरिबंड दोर दंड धरि कोदंड करि मंडलाकार परम प्रचंड कालदंड सम बानन सों मारतंड मंडल मढ़िमही नवखण्ड पूरत हैं देखोदेखो डीलधराधर तो या शर सों दिगशिर को मूर्छित करिदियो ॥

(दिक्शिरा: उत्थाय शक्ति मातोल्य सातिक्रोधं)

डीलधराधर । सावधानहोउ यह ब्रह्मदत्तशक्तिसों तुमको धराडीलधर करत हौं ॥ इतिमुंचति ।

आकाशे । आश्चर्य है आश्चर्य है यह परम अमोघ महा ज्वलत शक्ति चेता मल्ल बीचही में गहि समुद्र में डारि दियो । नारद मेरी दई शक्ति निःफल देखि क्रुद्ध दिक्शिर मरही पर न धावै याते तुम जाइ चेतामल्ल को भोलाइ रण बाहिर ल्याइ बातन लगाइ राखो मैं सूक्षम रूप बनाइ दिगशिर पास जाइ उत्साह बढ़ाइ फेरि शक्ति चलवाइ देउंगो ॥

बहुतभलो । दिक्शिरा: सोत्साहंशक्तिंमुंचति ॥

(डीलधराधरः मुर्छांन्नाटयति)
(दिक्शिरा: रथादुत्तीर्य्य डीलधराधर मुत्थापयति)

सूत:स्वगतं । अरे जौन कैलाश उठायो ताको उठायो नरनुनु नहीं उठै अहो महा आश्चर्य है ॥

चेतामल्ल आगत्य । अरे जौलौं मैं मुनि सों बात करौं तौ लों बड़ो अनर्थ होइ गयो ॥

(इति सातिक्रोधंमुष्टिकयादिक्शिरसोवक्षसि प्रहरात)

सूत:आत्मगतं । छंदनराच । प्रहारवज्ज्रवत्तकीत्विचानलोहितोभई । सोएकमुष्टिकेलगैगिरयोरथैविसंज्ञई ॥ अहोमहाअचर्ज्जोदिग्गशीसतोलि हारिगो । उठाइताहिनाथपाशकोशकांखधारिगो ॥

दिक्शिराः उत्थाय । हांकु हांकु मेरा रथ निर्वानरी उर्वी करि देउं ॥
चेतामल्लः । महाराज जैसे बिष्णु गरुड़ की पीठ चढ़ि दैत्यन को संहार करै हैं तैसे मेरी पीठि चढ़ि आप खल को संहार करिये ॥
(हितकारी तथाकृत्वा धावति)
भयानकः सुगलंप्रति । अरे चेतामल्ल तो दिक्शिरके समीपहींपहुंचगो ॥
सुगलः । देखो देखो हितकारी की हस्तलाघवी आश्चर्य है आश्चर्य है ॥
पद । छनमेंदिगशिरकेधनुधररथ हयसारथिधुजबखतर ।
छत्रचमरसबमुकुटकाटिदिय शतसरसरउरपर ॥
अयखलविकलमुनेकचढाढ़ो जिमिपविहतपरगिरिवर ।
बिश्वनाथजैजैहितकारी बिलसतरनधरिधनुधर ॥
हितकारी । आछो पुरषारथ कियो अब जाउ सेन साजि फेरि आइयो ॥
दिगशिराः सलज्जं निक्रांतः ।
(हितकारीडीलधराधरमुत्थाप्यालिंग्य बाष्पावरुद्धकंठं)
पद । रहैहहमारेप्रानछिपाई । टेक ।
तुअयहदशाजियतमैंकाहि यहअचरजअधिकाई ॥
दैहौंकहाजननिकोउतर जबपुछिहैअकुलाई ।
विश्वनाथहहहहजगकारी बिनकोहोइसहाई ॥
चेतामल्लः सगर्वम् पद । नाथनेकुजोशासनपाऊं ।
नागसुरनरजीतिअमृतलै डीलधराधरज्याऊं ॥
मृत्युपासकोतोरितुरतसब जगतैअभैबनाऊं ।
होइजोबंधुकालउदरहुतो फारिकाढ़िलैआऊं ॥
दिगशिरसोंखलनोरितोरिग्रहि हारहरछिपहिराऊं ।
राक्षसपुरीमिपरिजनरजकरि वारिधबीचबहाऊं ॥
छलकरिबिंधदीनोमोहिंधोखो तिनहुंकहंसमभाऊं ।
विश्वनाथपदसपथकोरिफल समत्रलोंडाहिखाऊं ॥
हितकारी । ये पराक्रमनते तो विश्व को अपकाराई है ॥
वैद्यकपिः । महाराज देवासुर संग्राम में वृहस्पति द्रोनाचल ते औषधी ल्यायदेवन जिवावत रहे हैं सो चौंसठि हजार योजन पर है जो रात्रि भरे में औषधी आवै तो डीलधराधर जीवै ॥

चेतामल्लः । महाराज मोकों आज्ञा दीजिये जौलौं तेज तै लागि मैं सरिसो फूटै है तौलौं लय ऊंगो ॥

हितकारी । जाव अपराजिताकू की खबरि लेत आइयो ॥

(चेतामल्ल स्वयंति निःक्रांतः)

हितकारी । देरवड़ीभई चेतामल्ल न आयो कछू कारण है ॥

(ततःप्रविशतिचेतामल्लः)

वैद्य कपिः । प्रभो यह तो शैलही लै आयो औषधि पौन परसि सकल कपि दल जियो डीलधराधर औषधि सुंघाये जिये अहो महाअमोघा शक्ति हुती ॥

डीलधराधरः । कहां कहां दिगम्बिर रण प्रचारि मारों ॥

हितकारीगाढ़मालिंगति । डीलधराधरः पादयो पतति ॥

(हितकारीसखेहंचेतामल्लमालिंग्य)

पद । तुममममबंधुप्राणकेदाता । टेक ।

कहादेउंतोहिजगमेंविरच्यो यहउपकारअमोलबिधाता ॥

चेतामल्लः । जोमोपरप्रभुकृपाभांतियहि दुर्लभकहामोहिंसुखत्राता ।

बिश्वनाथजेहिचहहुदेहुयवे होंतुमहींत्रिभुवनकेत्राता ॥

हितकारी । चेतामल्ल विलंब तुमको काहेते लगी ॥

चेतामल्लः । इहां ते जाइ अचल उटाइ आवत आड़िवे आये अमरन सों समर जय पाय अपराजिता ऊपर आयो तहाँ हहहह जगकारी होम करत हुते तिन कोनो विघ्न मानि बाण मारयो मैं हा हित-कारी कहि महि परयो तव धाइ पास आइ अति पछिताइ बहुत विलाप करनलगे तव जोनिज आइयाही अद्रितें औषधी लै जिआय दियो तब मैं इहां की खबरि सुनाइ या कह्यो बान लगे मोमे पराक्रम तैसोनहीं है तब उनकह्यो मेर बानमें चढ़ि छनहींमें जाय तब मैं बड़ो रूपधरि शैल समेत चढ़यो जबउन श्रवण लगि खैंचयो तब मैं उतरि गर्व त्यागि विनयकरी आप हितकारी के तो भाई हैं या कौन बड़ो आश्चर्य है अबमैं आपकी कृपैसों छन में पहुंचौंगो याकहि सबको कुशल लहि प्रभु पद पदुम परस्यो आया ॥

(बानराःनपथ्यमवलोक्यकोलाहलमाभीनयन्तोकौतिपलायन्ते)

भयानकः । अरे भगो मति दिगंभिर यह बिभीका खड़ी करी है ॥

हितकारी । श्याम जाय दल को स्थापन करे ॥

भयानकांश्रित ।

दो० । लगेबलाहकजासुकटि लहतकाछनीसोभ ।

कहहुभयानककौनयह करतकपिनदलछोभ ॥

भयानकः । यह दिगंभिर ते छोटो मेरो बेटो भाई घटकान है आप के बाणतें पीड़ित डेराय दिगंभिर याकों बड़े यत्नतें जगवायो है सो यह ताके पास जाइ है ॥

हितकारी । याको पराक्रमहू तो अपूर्वई होइगो ॥

भयानकः । छंद ॥ नन्दनवनअपसरनखाइ लियवासव गजचढ़िधाये ।

यहिहेरावलरहैखेंचि उर हन्योंरुधि महिआये ॥

जगिभगिपिपियितविनयकियविधिसोतिनहसतिहुंनबोलाये ।

विश्वनाथ दिय श्राप याहि यह जगहि न बिना जगाये ॥

फिर दिगंबर के अस्तुति किये या कह्यो वर्ष में द्वै रोज जागे ॥

(ततः प्रविशति घटकर्णः । बानराः दृष्ट्वापलायन्ते)

(चेतालाक्षुलगतो भुजभूषणःअजमुत्यबोधैः)

कवित्त । बलकिबलकानिजबाहुनकेबलबड़े कहुँयु । इतआयेबीरता बढ़ाइकै । संगकुलकानिसबबैननिबिसारिदीन्हे दशएककमासकहा चले ही पराइकै ॥ धीरजको धारि मारिगिरिनिगिरावो याहि भाजि कवलों जोहौमुख दारनदेखाइकै । जीतिजगविजयबारोयमहै अनूप यारो मरे मोदभारीमारतण्डभेदिजाइकै ॥ १ ॥

खिल्लाबानराः । कवित्त ॥ कैधों दिगधीसकाल रैनजायजीतिल्यायो सोईहिरनाक्षधायेरासितसहाइकै । कैधौंबंदीखानेजाइकालहोकों खोलिदीन्हो धायेआवैभक्षनकोबदनबढ़ाइकै ॥ कैधौंनिजगर्वजानि बलिजूलोयचिल्यायो बाढ़िधायेबावनयेवीररंग छाइकै । कैधों सोई पूजाकरिरुद्रकोरिभाइलीन्हो नैईप्रलय इतआयेयलकरलाइकै ॥ २ ॥

भुजभूषणयासोंसिरिवीतिभिभांतिभाईकोह्रिदिसैहै ॥

भुजभूषणः । एक तो समर फिरि हितकारीकि पृथी शरीर छनभंगुरई

है यातें हम सब को सनमुख ह्वै पराक्रम करिबोई उचित है नातरु हितकारी वानरन्हि में पतंगई होय है फिरि पछितवई हाथ रहि जायगो ॥

श्वेतामल्लः । अरे डरो कहा है आवो आवो मेरे पीछे तो चलो ॥

(इतिमुखल्य एकौघं तदग्रतो धावति)

हितकारी । देखो सुगल याके वपु में परवत पुंज कैसे परै हैं जैसे परवत पर बोरे ॥

सुगलः । मरकटन लिपटे तन कैसो शोभित होइ है जैसे रोम रोम ब्रह्मांडन कलित महा विराट ॥

भयानकः । बिलोकिये मरकटनको कैसे झारि देइ है जैसे मत मातंग महावतन को औ मुख भरि भरि कपि भालु भारी भटन कैसे भखै है जैसे दीर्घ दावाग्नि द्रुमन ॥

श्वेतामल्लः घटकर्णंप्रति । खबर दार होय यह गिरि मेरो फेंको आवै है ॥ (इतिनिक्षिपति)

भयानकः । श्याबास श्वेतामल्ल श्याबास जाको बज्र न बाधा कियो सो घटकान तेरे प्रहार तें भूमि में जानु भरि आइ रुधिर बमन करि दियो ॥

घटकर्णः उत्थाय बिहस्य । श्याबास श्वेता मल्ल या मुठका सहै ॥ इतिप्रहरति । श्वेतामल्लः मूर्छांनाटयति ॥

(भअभूषणः एकौघंमुष्टिकयाप्रहरति)

सुगलः । देखो देखो घटकान तो भूमि कै एकही मुठिका ते भुजगपगाऊ कों भूमि भेंटाय सकल कपिकुल कलेवई सो किये लेइ है ॥

इतिर [illegible] । अरे नीच कहा तुच्छ कपिन को पुच्छ पकरि पकरि चरण कचरि कचरि बिचरि बिचरि रन बीच शोणित कीच करै है मेरेसन्मुख आवै ॥

घटकर्णः विहस्य । श्याबास बीर श्याबास ऐसोमोमों कोई नहींकह्यो ॥ इति शूलंनिक्षिपति । (कौश सैन्य हाहाध्वनिः)

श्या. म: पद । अचरजश्वेतामल्लकियो । टेक ।

महाशूलघटकानपवारो तेहिगहिकरिद्वै टूकदियो ॥

अहयहखलमलयाचलकेरी शृंगकढ़ैये जनकोलियो ।
विश्वनाथविधिकहाकरैधौं तकिमेरीअतिडरतहियो ॥

घटकर्णः प्रहरति । (सुगलः मूर्च्छांनाटयति)

कच्छराजः । हाय हाय सुगल को कांख दाबि घट लिये जाय है ॥

डीलधराधरः । पद ॥ चेत मल्ल आतुअतिभावत ।
थापतफिरतभटनधरिभूधर रन त्सा घडबढ़ावत ॥
आस्बिरहमनहुंसगरमधि दघनधरनिधरिधावत ।
विश्वनाथसोंसभैसैनको अभयैआसुबनावत ॥ १ ॥

चेतामल्लः आत्मगतम् । जो मैं युद्ध करि घटकान तें सुगल कों छोड़ाइ ले आऊं तो स्वामी अयश को पताका कहाऊं जब अगि तें तब हितकारी के कृपा ते पराक्रम के छुटिहो आवैगो ॥

(ततः प्रविशति सुगलः)

हितकारी सहर्ष मालिंग्य । मित्र कैसे छुटि आये ॥

सुगलः । राजन नगरी की अटारिन नारिन ते परिसित दधि अक्षत सुमनादि शीतलता तें मेरी मूर्छा जागी तब छोटो रूप करि कांख तें निकरि निज पगन ते पांजर पकरि रदन तें नाक काटि करन ते करन छांटि नट नाटन करि उछलि आप पग पर यो ॥

हितकारी । श्याबास मित्र श्याबास बड़ो विक्रम कियो ॥

(ततः प्रविशति सातिक्रोधं घटकर्णः)

हितकारी । अब तो अधिक भयानक देखा परे है ॥

सुगलः । महाराज या केतन को मुख में भरि लेइ है केते नाककान की राह भजे हैं तिनहूं को गहि अंग में अंगराग करि लेइ है केतेन को पाद प्रहारई ते मही मिलाय देइ है यह खल कपिकुल को कुपित कालई सो है ॥

डीलधराधरः सक्रोधमुपद्रुत्य । अरे तुच्छ ये विचारे वानरन को कहा मारे है मो वीर आव । इति शरान् मुंचति ॥

घटकर्णः । तुम्हारे वानन मों मैं संतुष्ट हो तुम बड़े वीर हो पै या समय मो हितकारिही के युद्ध की बांछा है ॥

डीलधराधरः सानुजिनिहं सम् । जेहि काय मरकत कूट कांति

धारी कर शर धनु धारी भयानक तिलक कारी हितकारी वह हरे हैं ॥

(षट्कर्णः उपसृत्य शैलं निःक्षिपति)

भुजभूषणः । देखो देखो हितकारी शर शरन तें शैल धूरि ह्वै गयो अब शत्रु को शरीर मक्खी कैसो होइ गयो ॥

षट्कर्णः दोहा । घातिनेयरासभनहीं नमैंइन्द्रसुतकोश ।
हैं।षट्कानमहाबली जोहडरदारिनदिगीश ॥

इति धावति ।

हितकारी शरक्षुकत्वा । देखो जिन बानन तें तालन कोछेद्यो रासभ को इन्द्रसुत को मारनो तें याके शरीर में पीड़ा नहीं करै हैं सांवर्ड विश्व में सदा बलवान है ॥

इति सक्रोधं शरं मुञ्चति ॥

युगलः । देखो ससैल दक्षिन कर याको हितकारी काटि डारनो तातें महा परवताकार ह्वै हजार योधा दबि मरे ॥

भुजभूषणः । काका देखो देखो बामहूं कर काटि डारनो ॥

(षट्कर्णः मुखं प्रसार्य धावति)

आकाशे । देखो देखो हितकारी शरने काट्यो याको शिर हर कि हिम गिरि चपायो अब धर गरे भरत खंड की धौं कहा दशा होन चहै है ॥ (भयानकः)

भजन । हितकारी लक्षपाइपवनसुत अतिअचरजयाहिसमयकियो ।
हेमहु डोलनपेलिलुसंपं पवनभ्रमनमहंफोंकिदियो ॥
भरतखंडकोशिरोभोजन होतबिनाअबचाहलियो ।
विश्वनाशयाहिसनमधारी सुन्योनदेख्योविश्वजियो ॥

(नेपथ्ये रोदनशब्दः)

तत प्रविशति त्रिमुंड मनवान्तकदुरान्तकात्युतराति पार्श्वदीर्घदेहाः ॥

(मनवान्तकः अश्वं संचाल्य शस्त्रं न प्रहरति)

युगलः । अरे यह दुर्गाधिर सुवन आपनी अवतारहूं ते तरल हय चलाय कपि भालन भाला तें ऐसो भेदै है जातें न युद्ध करि सकैं न भय सों भाजि ही सकैं पुन भुजभूषण तुमहूं तो देखो ॥

भुजभूषण: उपकुल्य । अरे नीच ये तुच्छ बारन की कहा मीच करै है मेरे उर में प्रहार करै देखो तो कैसो तेरो भाला है ॥
अत्युदर: सुरान्तकंप्रति । अरे अमोघ भालो याकपिके उर लगि टूट गयो औ अम्बहू याही थापर को भयो ॥
त्रिमुंड: । अरे देखो देखो मानवांतक के मुष्टिका प्रहार तें बिकल भुजभूषण रुधिर उगिलि फेरि मुठका बांधो धौं कहा होइ ॥
अत्युदर: । अरे याको तो कपि अंतई करि दियो चलो तीनों मिलि याहि मारैं ॥ इति गजं प्रेरयति ॥
(त्रिमुंड: रथंचालयति सुरांतक: परिघ मुद्यम्यधावति)
श्वेतामल्ल: । श्याम देखो भुजभूषण को पराक्रम तीनों अतिरथिन के प्रहारन कों निवारन करि अत्युदर के बारन को बिदारन कियो पै अकेले हैं हमहूं शिरितरु धारन करि खल बिकारारन महारन में मारिये ॥ इत्युभौ धावत: ॥
श्वेतामल्ल: त्रिमुंडस्य हयान् हत्वा रथं चूर्णयति ॥
त्रिमुंड: खड्गेनप्रहरति ।
सुरान्तक आत्मगतम् । अहो बड़ो बलवान बली मुख है करते कृपाण छीन त्रिमुंड कों अमुंडकियो ॥ इतिसक्रोधंधावति ॥
श्याम: अरे नीच मेरी ओर आव ॥

(अत्युदर: मुष्टिकया प्रहरति)

अतिकार्श्व: स्वगतं । अहो श्याम नखन तें नर सिंहई इव याको उदर बिदारि डारयो ये बड़े बलवान तीनों है ॥
इति मुगलंप्रति धावति । वृषभकपि:मध्ये गृह्णाति ॥
(अतिपार्श्व: । गदयाप्रहरति । वृषभ:मुर्च्छांनाटयति)
सुगल: भयानकंप्रति । देखो तो याको पराक्रम जौलों मूर्छित करि अतिपार्श्व मेरे पास आवै तौलों याही की गदा लेवाही को शिर फेरि डारों ॥
श्याम वृषभ भुजभूषण श्वेतामल्ला: हितकारिणमुपसृत्य प्रणमति)
सुगल हितकारिणौ । श्याबास श्याबास ॥

(ततो दीर्घदेहः रथं चालयति)

बानरः। सम्मुखं धावंति हितकारी । याही बड़े बलवान बि लोको परे है एकही एक बान तें हनुमान गिराय दियो बिकल सकल कपिदल ऐसो भाषन भाजो आवै है घटकानहीं तो नहीं है प्रान धरि यान चढ़ि आयो यह कौन है ॥

भयानकः पद । सुरअपसर तियहपैदा दिगशिरकोहैपूत ।
अभैकियेभुजबलत्रयहयपुर जीतिकालपुरहूत ॥
हैधरमज्ञकृतज्ञमत्ययुत बिद्यापढ़ीअभंग ।
ज्ञानवानविष्णुनाथकहे यहकरतरहतसतसंग ॥

यो बड़ो धनुर्द्धर है बड़ो अकम्पन वारो है याहै तो छन में संहार करै याते बेगहीं ततबीर करिये ॥

दीर्घदेहः सैन्यमुपलक्ष्य। जिन बानन बासव बारन कुंभ बिदारनकियो ते बानरन के ऊपर संधानत शरम आवै है य. सैनमें जो कोई बड़ो बली होइ सो निकरि आवै ॥

(डीलधराधरः धनुर्विस्फार्य उपद्रुत्य तत्पुरतस्तिष्ठति)

दीर्घदेहः । अरे हितकारी बड़ो निर्दय है काल समजो मैं ताके आगे बाल खड़ो करि दियो है अब तुम धनुष बान धरि जाव मैं तुमको प्रान दान दियो ॥

डीलधराधरः । अरे मैं ऐसो बालक हौं जैसे बामन ॥

(उभौपरस्परं निक्षिप्य युद्धं नाटयति)

भयानकः सुगलंप्रति ।

गद्य । देखो तो क्षुर क्षुरप्र नालीक नाराच वत्सदंत दंदबक्त्र नतपर्व बाराहकर्णी कर्णी विकर्णी बैतस्तिक अर्द्धचंद्र भल्ल बाण बृन्दन तें आकाश अनवकाश ह्वै गयो ॥

दोहा । पटपटशब्द्पताकको चापचटचटाशेर ।
घंघटचक्रनघहर रथ्योएकह्वैवेर ॥ १ ॥

देखो याके मण्डलाकार उद्दंड कोदण्ड ते कालदाढ़ सम बाणबृन्द व्योम मढ़तई देखेपरै हैं ॥

सुगलः । देखोतो डीलधराधर की हस्त लाघवी तेहि घरन समूहन

को निज धरणा तीन तीन टूकनी देखावै है याको दीर्घ देह धर जाल ते ऐसे छावै है की अंतराल हू ते नहीं पेखो परै ॥

भयानकः । देखो दीर्घ देह धरन काटि कैसे कढ़ि आयो जैसे निहार ते सूर्य सो अब आचमन लै दिव्यास्त्रन को प्रयोग कियो चहै है ॥

आकाशे । हाय हाय महा प्रलय देखाय है वायु तुम जाय वेगि डीलधराधर के कान लगि कहौ याको बध बिधि ब्रह्मास्त्र हो ते विरचनो है बिलंब किये बड़े बड़े अस्त्रन ते ब्रह्माण्ड बरो जाय है ॥

डीलधराधरः दीर्घदेहस्य शिरः सत्वरञ्छिनत्ति ।

वानराः सहर्षं जयजयेत्युच्चन्ति ॥

(नेपथ्ये रोदन शब्दः)

पुनस्तत्रैव । आप शोक तजि सबको समुझाइये मैं मुहूर्तहू में मारि आवो हौं ॥

आकाशे । हवन करि घन ध्वनि अदृश्य भयो अबधौं कहा करै ॥

सुगलः । यह महा अंधकार होइ गयो अस्त्र शस्त्र को बर्षा चारनौ ओर ते होय है अहो कहा है ॥

भयानकः । यह घन धुनि की माया है ॥

डीलधराधरः सक्रोधं । यह खल छल करि बानन सों बानरन को बध कियो याते मैं अपने अस्त्रन सों सकुल निश्चर संहार करो हौं ॥

हितकारी । याको ब्रह्मा को बर है याते तुमहूं हमारी नाई मूर्छित ह्वै मान मर्याद मानो जो कछु कारन होइगो सो पीछे करैंगे ॥

(इतिसानुजः मूर्छामाटयति)

घनध्वनिः । अरे राक्षसो जिनके भय तें पितु भीत रह्यो चलोतिनको बिनाश सुन हू हर्ष पुन करौं ॥ इतिनिःक्रांतः ॥

आकाशे । हाय हाय अबकैसे बचैंगे ॥

भयानकः उल्कांप्रज्वाल्य सेनामवलोकयते ।

(चेतामल्लः भयानकस्य समीपं गत्वा उत्थाय)

भाई भयानक कहौ कहो कौन कौन बचे ॥

भयानकः । चलो देखैं

(इत्युभौ परिक्रम्य चिरंजीवि ऋच्छं विकलं दृष्ट्वा)

भयानकः । ऋच्छराज तुम्हारो हाल कहा है ॥

ऋच्छराजः । घायन तें अति विकल तुम्है बोलहीते चीन्होहीं कहै चेत मल्लजियै है ॥

भयानकः । चेतामल्लहीके पूंछिवे में कहा कारन ॥

ऋच्छराजः । जोचेत मल्ल जीवत होइगो तो सब जीवतई है ॥

चेतामल्लःपादयोपतित्वा । आज्ञा होइ ॥

ऋच्छराजः । तात जाइ औषधि गिरि ल्याइ सबन जियावो ॥

चेतामल्लः प्रणम्यनिःक्रांतः ।

नेपथ्य । अहो राक्षस पुरी आकस्मात डगमगातभई कहाउतपात है ॥

(ततः प्रविशति धवलगिरिपाणि चेतामल्लः)

सुगलः । अहो औषधि पौन परसत हमारी सब सैन उठि खड़ीभई राक्षस नहीं जिये यो बड़ो आश्चर्यहै ॥

भयानकः । दिगंबिर मृतक राक्षसन के शरीर समुद्र में डराइदेइहै ॥

सुगलः । याकुभट निपट कपटकारि कुलि कपि सुभटन कटक काटि पुहुमि पाटिगयो भुजभूषण तुम भारी कपि भालुन लैभूरिभूरहनवारि वारिविभावरीचरनभौनभस्म करिदेउ ॥ भुजभूषणास्तथेति निःक्रांतः ॥

(नेपथ्ये कोलाहलः)

छंद । करालकोश कोपिकैलुटल्याइल्याइकै । दईलगाइ आगि चारि ओरधाइधाइकै ॥ सुवर्णऐनव्योमलौंसबैमहाबरैंढरैं । नबाटभाजि जानजातजानहायकाकरैं ॥

प्रविश्यसंभ्रांतचारकपिः । महाराज दिगंबिर शासन पाय लै विकट कटक घटकान सुत घटनिघट धाइ आइ भटित शरन चलाय बढ़े बानर न हटाय दियो निज भटनबीर रस बढ़ाय भुजभूषण कट कटाय उदभट कूरन कूटिघटही सो जाय भिर सो बीर बानन सों बली बानरन व्यथित करि भुजभूषण भालका खाल काटि डारी येबाम करसों सो उठायो नैन मूंदिवो बचायेयुद्धकरैहै वह छन छन मूर्छित करैहै ॥

सोद्वेगंसुगलः । चिरंजीवी चिरंजीवी ऋच्छ बानरन लै धावो धावो
भुज भूषण की सहाय करि शठहिसमर सोवावो ॥

(श्रुत्वा तथेति निःक्रांता:)

सुगलः । अरे अब युद्धको सब खबरि-कहि जाय ॥

चारः । महाराज बड़ो युद्ध भयो जामें बानरन राक्षसन को बड़ो संहार भयो ॥

(सुगलः ततस्ततः)

चारः । तीन राक्षस बड़े बलवान बड़ो युद्ध कियो तामें एक कों भुजभूषण मारनो द्वैको पकरि चले तिनको आश्विनेय दोनों भाई बीचही बड़ोयुद्ध करिमारनो ॥

(सुगलः ततस्ततः)

चारः । क्रुद्ध होइ घट रथ चलाय सब को बानन सों बिकल कियो ॥

प्रविश्य ससंभ्रमं द्वितीय चारः । महाराज जो सेना आप पठाई सो भुजभूषन पास नहीं पहुंचन पाई घट बानन सों बीचहीं आड़ि अचल बनाई ॥

सुगलः स्वगतं । अरेबड़ो बलवान है ॥ इतिसत्वरंनिःक्रांतः ॥

नेपथ्य । अरे घठ तैं धनुर्द्धर आपने काका की बरोबर है देह बल बाप कैसो है धौं नहीं, अरे कोष शरीर शक्तिहू समुझाये देउं हौं ॥

(पुनश्चटचटाशब्दः)

